फोन:-4103333, 2362400 फैक्स:-0141-2373513 वर्ष: 74 संख्या: 307 प्रभात जयपुर, शनिवार 8 जून, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

**Poetically speaking**

"I have tried and tested all careers in my lifetime, But never have I known a career so fine. I want to be a politician for the rest of my life. The initial struggle is hard, I agree, But in life, nothing is easy or free..."

**NASA to Change How It Points Hubble Space Telescope**



*इंडोनेशिया के मीडिया ने बताया है कि शिकारियों ने 2019 से 2023 के बीच लगभग सात या उससे भी अधिक "जावन राइनो" का शिकार किया है, जिसके परिणाम स्वरुप गंभीर रुप से संकटग्रस्त इस जीव की आबादी दस प्रतिशत कम हो गई है। इंडोनेशिया के विख्यात उजुंग कुलोन नैशनल पार्क को चलाने वाली सरकारी संस्था के प्रमुख, आर्डी आन्डोनो ने कहा कि, अभी उनके कार्यालय ने इस बात की पुष्टि नहीं की है कि, कितने राइनो मारे गए हैं। राइनो मारे जाने की जानकारी तब मिली जब एक संदिग्ध शिकारी को अदालत में पेश किया गया और पार्क की सुरक्षा में गंभीर खामियां सामने आईं। उजुंग कुलोन नैशनल पार्क विश्व में जावन राइनो का अंतिम आवास है। आरोपी सुनेन्दी, जिस पर अवैध शिकार, अवैध हथियार रखने और कैमरा ट्रैप चोरी का आरोप है, को नवम्बर 2023 में गिरफ्तार किया गया था। उसने कोर्ट को बताया कि, उसका गैंग कैसे काम करता है। उसने बताया कि, मई 2022 में एक सफल शिकार के बाद किस तरह उसके साथी ने राइनो का सींग काटा, उसे प्लास्टिक के बैग में रखकर सुनेन्दी के घर में छुपा दिया। फिर घर की छत पर धूप में सींग सुखाया और उसी महीने जकार्ता ले जाकर डीलर को 19,000 डॉलर में बेच दिया। इंडोनेशियन अथॉरिटी को लम्बे समय से इस बात का श्रेय दिया गया है कि, कड़ी सुरक्षा की वजह से ही यहां जावन राइनो की आबादी बढ़ी है। हालांकि, शिकार के दावे हमेशा से किए जाते रहे हैं पर एक एन.जी.ओ. के अनुसार, गत वर्ष से ये दावे काफी बढ़ गए हैं। एन.जी.ओ. ने अपनी रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि, शिकारी ना केवल पार्क में घुस रहे हैं बल्कि पार्क के 18 राइनो, जिन्हें अभी भी ऑफिशियल गणना में शामिल किया जाता है, को गत तीन वर्ष से किसी ने देखा नहीं है और इनमें से तीन की मृत्यु की तो पुष्टि हो चुकी है। वर्ष 2021 में इंडोनेशिया सरकार ने कहा था कि जंगलों में 76 जावन राइनो मौजूद हैं, लेकिन, उसी वर्ष कैमरा ट्रैप में 34 राइनो ही देखे गए और अब जाकर पुष्टि हुई है कि, यहां शिकारियों का गैंग सक्रिय है। फिलहाल यह बताना भी कठिन है कि, धरती पर कितने जावन राइनो बचे हैं।*

# ममता बनर्जी इण्डिया गठबंधन में क्षेत्रीय दलों का एक समानान्तर ग्रुप बनाना चाहती हैं?

## बड़ी होशियारी से वे स्वयं तो अपने आप को इण्डिया गठबंधन की बैठकों से दूर रखे हुए हैं तथा अपने भतीजे, पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी को दिल्ली में आयोजित इण्डिया गठबंधन की बैठक में भेजा है

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जून। तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी इन दिनों एक अलग मूड में हैं। वह इण्डिया गठबंधन की मीटिंग्स में जाने से परहेज कर रही हैं।

तृणमूल कांग्रेस इण्डिया गठबंधन की प्रमुख पार्टी कांग्रेस पर एक वैकल्पिक मोर्चे का दबाव डालने को लेकर अन्य पार्टियों को लामबंद करना चाहती हैं। ममता इसके लिए एक समानांतर इकाई बनाने की कोशिश कर रही है।

राजनैतिक विशेषज्ञों ने कहा, इस रणनीति की वजह से इंडिया गठबंधन की बैठक में वे खुद नहीं गईं उन्होंने अपना दूत बनाकर तृणमूल महासचिव अभिषेक बनर्जी को भेजा था। लेकिन वे गैर कांग्रेसी गठबंधन बनाने के लिए क्षेत्रीय दलों के नेताओं से मिल रहे हैं।

अभिषेक ने अखिलेश यादव के

- अभिषेक दिल्ली में अखिलेश यादव के घर जाकर मिले, ममताजी की सोच की पैरवी की इसके बाद उन्होंने अन्य क्षेत्रीय पार्टियों के नेताओं से भी इस मुद्दे पर बातचीत करने का प्रयास किया।
- ममता बनर्जी सदा से राहुल गांधी से ज्यादा प्रभावित नहीं हैं। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उन्होंने यात्रा के इन्तज़ामात में कोई मदद नहीं की थी तथा चुनाव प्रचार के दौरान भी साधारण सुविधाएं, जैसे सरकारी रैस्ट हाऊस आदि में रहने की व्यवस्था नहीं की थी।
- पर, अब कांग्रेस की 99 सीटें आ जाने के बाद ममताजी की, इण्डिया गठबंधन में कांग्रेस के बिना एक समानान्तर ग्रुप तैयार करने की योजना को ज्याादा सफलता नहीं मिल रही है।
- ममता बनर्जी का मानना है, अगर इण्डिया गठबंधन में क्षेत्रीय दलों का एक ग्रुप बन जाता है तो, उस ग्रुप के सांसदों की संख्या 78 होगी, जो कांग्रेस के 99 सांसदों की संख्या से ज्यादा दूर नहीं है।

घर जाकर उनसे मुलाकात की तथा वे कई अन्य से भी मिलने वाले है। लेकिन तृणमूल कांग्रेस के प्रतिनिधी की इंडिया गठबंधन के नेताओं से मुलाकात को ज्यादा महत्व नहीं मिला।

अभिषेक ने आज पार्टी के प्रतिनिधी से भी मुलाकात की। ममता बनर्जी गठबंधन के भीतर गठबंधन बनाना चाहती है। कांग्रेस की 99 सीटों के मुकाबले वे 78 सीटों को अपने प्रभाव में लेना चाहती है। पर इसमें कोई संदेह नहीं है कि इसस इंडिया गठबंधन कमज़ोर पड़ेगा।

ममता बनर्जी ने अभी तक भी इंडिया गठबंधन के बारे में कोई बयान नहीं दिया है। यह सर्वविदित है कि ममता बनर्जी राहुल गांधी को पसंद नहीं करती है। जब भी राहुल गांधी चुनाव रैली के लिए बंगाल आते थे तब ममता बनर्जी उन्हें प्रवासी पक्षी कहती थीं।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मु.मंत्री भजनलाल ने नरेन्द्र मोदी को बधाई दी

नई दिल्ली, 7 जून (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को नरेन्द्र मोदी को संसद में नैशनल डैमोक्रैटिक अलायंस (एन.डी.ए.) के संसदीय दल का नेता चुने जाने पर बधाई दी। शर्मा ने कहा कि, पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र

- मुख्यमंत्री भजनलाल ने मोदी के एन.डी.ए. संसदीय दल का नेता चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा, मैं प्रधानमंत्री के रूप में आपके तीसरे कार्यकाल में देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

सरकार की जनहितकारी योजनाओं एवं ऐतिहासिक निर्णयों से किसान, युवा, महिला और गरीब वर्ग का सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान व सशक्तिकरण सुनिश्चित हुआ है। साथ ही, सम्पूर्ण विश्व में भारत की प्रतिष्ठा मजबूत राष्ट्र के रूप में स्थापित हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के तीसरे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# भाजपा व एन.डी.ए. के बीच रस्साकशी व सौदेबाजी रविवार शाम तक चलेगी

## चन्द्रबाबू नायडू ही नहीं, गठबंधन के कई और घटक नहीं चाहते, लोकसभाध्यक्ष के पद पर भाजपा का सांसद निर्वाचित हो

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जून। भाजपा और उसके सहयोगियों में मंत्रालयों और पदों को लेकर रस्साकशी अब एकदम स्पष्ट है क्योंकि भाजपा महत्वपूर्ण मंत्रालयों और यहां तक कि स्पीकर पद छोड़ने के लिए तैयार नहीं है।

सूत्र बताते हैं कि तेलुगेदशम पार्टी (टी.डी.पी.) स्पीकर का पद हर हाल में अपने पास रखने पर जोर दे रही है क्योंकि ऐसा नहीं होने पर हमेशा यह भय बना रहेगा कि भाजपा उनके सांसदों को तोड़ने की कोशिश में है क्योंकि मोदी की कार्यशैली कुछ ऐसी ही है।

भाजपा ऐसा महसूस करती है कि यदि स्पीकर का पद उसके पास नहीं होगा तो उनकी सरकार खतरे में होगी और गिर भी सकती है क्योंकि पार्टी ने जब बालयोगी को स्पीकर का पद दिया था तब ऐसा ही हुआ था।

यह भी ज्ञात हुआ है कि चन्द्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के भाजपा के पक्ष में जाने के बावजूद अखिलेश यादव

- घटकों को भय है कि, भाजपा का पुराना इतिहास है कि, वह घटकों के सांसदों को तोड़कर अपनी ताकत बढ़ा लेती है। अगर लोकसभा अध्यक्ष भी भाजपा का ही आदमी हुआ तो, भाजपा का यह काम और आसान हो जाता है।
- दूसरी ओर भाजपा का मानना है कि, अगर स्पीकर उनका आदमी नहीं हुआ तो, उनकी सरकार गिर सकती है, जैसा कि उस समय हुआ, जबकि, उन्होंने तेलुगुदेशम पार्टी के बालयोगी को स्पीकर का पद दिया था।
- शुक्रवार को अमित शाह ने आठ घंटे पार्टी अध्यक्ष नड्डा के घर पर बिताए, यह गुत्थी सुलझाने में कि, किस घटक को कौन सा विभाग व पद दिया जा सकता है मंत्रिमण्डल में।
- बहरहाल दूसरी तरफ इण्डिया गठबंधन की ओर से अखिलेश यादव को जिम्मेदारी दी गयी है, चन्द्रबाबू व नीतीश से लगातार संपर्क बनाये रखने की।

को यह कार्य सौंपा गया है कि वह इन दोनों के सम्पर्क में बने रहें।

सूत्र बताते हैं कि ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने इण्डिया गठबंधन के नेताओं को समझाया है कि

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'आप से गठबंधन लोकसभा चुनाव तक ही था'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जून। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा का कहना है कि आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली का विधानसभा चुनाव बिना किसी गठबंधन के लड़ने की घोषणा आश्चर्यजनक नहीं है। उन्होंने कहा

- कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने आप पार्टी की, दिल्ली विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने की घोषणा पर यह टिप्पणी की।

कि "आप" और कांग्रेस का चुनावी गठबंधन सिर्फ लोकसभा चुनावों तक के लिए ही था।

उन्होंने यहां पत्रकारों को बताया कि उन्हें "आप" की रणनीति के बारे में जानकारी नहीं है, लेकिन कांग्रेस लोकसभा चुनाव परिणामों का प्रत्येक जिले, बूथ और ब्लॉक स्तर पर यह समझने के लिए विश्लेषण कर रही है कि, यहां पार्टी की भाजपा के हाथों हार क्यों हुई।

# क्या लोकसभा चुनाव में जीत/हार का भारी असर रहेगा विधानसभा चुनावों पर?

## जैसा कि विदित ही है, जून 2024 से नवम्बर 2025 के बीच हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली, बिहार व जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव होंगे

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जून। क्या लोकसभा चुनावों के नतीजों का महाराष्ट्र और बिहार में होने वाले विधानसभा चुनावों में असर दिखेगा?

जून 2024 से नवम्बर 2025 के बीच महत्वपूर्ण राज्यों में चुनाव होंगे, जिसमें हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, दिल्ली और बिहार शामिल हैं। इसी वर्ष सितंबर में जम्मू और कश्मीर में भी विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।

महाराष्ट्र से आने वाली खबरें भाजपा को परेशान कर रहीं हैं। गृह मंत्री अमित शाह के साथ हुई एक बैठक में, पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ पार्टी नेता, देवेन्द्र फड़नवीस ने राज्य में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन की जिम्मेवारी लेते हुए इस्तीफा देने का अपना निर्णय दोहराया। इसी बीच, इस तरह के संकेत भी हैं कि, नैशलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एन.सी.पी., अजीत पवार) और शिव

- महाराष्ट्र में लोकसभा चुनावों में भाजपा का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा तथा चर्चा है कि, अजित पवार व शिंदे की पार्टी के विधायक व नेता अब अपनी पुरानी पार्टी में लौटना चाहते हैं, वैसे भी उद्धव ठाकरे व शरद पवार के प्रति सहानुभूति की लहर भी खत्म नहीं हुई है। इन हालात में भाजपा के लिये विधानसभा चुनाव काफी टेढ़ी खीर होंगे।
- हरियाणा में भी कांग्रेस कुछ रिवाइवल (पुनर्जीवित) होने की राह पर है, जैसा कि, लोकसभा चुनाव के नतीजों ने जताया है, अतः हरियाणा के विधानसभा चुनावों में भी भाजपा की राह ज्यादा आसान नहीं होगी।

सेना (शिंदे) के विधायक अपनी मूल पार्टियों में वापस जाना चाहते हैं। दूसरी तरफ, भाजपा खेमे को आशा है कि, शिव सेना (यू.बी.टी.) भगवा खेमे में वापस आ सकती है।

जैसा कि लोकसभा चुनाव नतीजों ने दिखा दिया है कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील नाकाफी है, क्योंकि महाराष्ट्र सत्तारूढ़ गठबंधन के सहयोगी दल उन अधिकांश सीटों पर चुनाव हार गए, जहां नरेन्द्र मोदी ने प्रचार किया था। इसी समय पर, प्याज उत्पादकों और किसानों का भाजपा नेतृत्व के खिलाफ गुस्सा अभी भी उच्च स्तर पर है। अक्टूबर में होने वाले विधानसभा चुनावों के पहले, शरद पवार और उद्धव ठाकरे के पक्ष में उठी सहानुभूति के कम

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# सी.डब्ल्यु.सी. की बैठक आज होगी

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जून। कांग्रेस ने शनिवार को सुबह 11 बजे होटल अशोका दिल्ली में कांग्रेस वर्किंग कमेटी की विस्तृत बैठक बुलाई है इसके बाद शाम 5.30 बजे संसद के केन्द्रीय हॉल में पार्टी के दोनों सदनों के सांसदों की

- शनिवार सुबह 11 बजे सी.डब्ल्यु.सी. की बैठक अशोका होटल में होगी, उसके बाद शाम 5.30 बजे संसद के सैन्ट्रल हाल में कांग्रेस के दोनों सदनों के सदस्यों की बैठक भी होगी।

बैठक आयोजित की जाएगी।

सी.डब्ल्यू.सी. की बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रैंस आयोजित की जाएगी और बैठकों के बाद होटल अशोका में शाम को 7 बजे सभी सांसदों एवं विस्तारित सी.डब्ल्यू.सी. के सदस्यों को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# देश की जनता ने अहंकार को ठुकराया: सचिन पायलट

## अजमेर में मीडिया से बात करते हुए पायलट ने कहा कि, मौजूदा चुनाव नतीजे भाजपा और एन.डी.ए. के खिलाफ हैं

अजमेर,7 जून (कासं)। अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट का अजमेर आगमन पर जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सचिन आई लव यू के नारे लगाए।

शुक्रवार को प्रात: 11 बजे अशोक उद्यान, जयपुर रोड पर भारी संख्या में वरिष्ठ कांग्रेसजन व कांग्रेसी कार्यकर्ता इकट्ठे हो गए। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सचिन पायलट का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। उसके पश्चात सचिन पायलट कांग्रेसजनों से मिले। कार्यकर्ताओं ने सचिन पायलट ज़िंदाबाद के जोरदार नारे भी लगाए। उसके बाद सचिन पायलट विधायक समरजीत सिंह की माता जी की श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने के लिए जालौर प्रस्थान कर गए।

अजमेर में मीडिया से बात करते हुए सचिन पायलट ने कहा कि, लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों से संकेत मिलता है कि लोगों ने भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- पायलट शुक्रवार को कांग्रेस विधायक समरजीत सिंह की मां की श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने के लिए जालोर गए थे, रास्ते में अजमेर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पायलट का जोरदार स्वागत किया।
- अजमेर में अल्प प्रवास के दौरान ही पायलट मीडिया से रूबरू हुए। उन्होंने कहा, "लोगों ने भाजपा के मंदिर-मस्जिद, हिंदू मुस्लिम और मंगलसूत्र के मुद्दों को अस्वीकार कर दिया है।"
- जालोर में पार्टी की हार पर पायलट ने कहा कि, कांग्रेस ने 11 सीटों पर भाजपा को हरा दिया है, जहां नहीं हरा पाए वहां दुगुनी मेहनत करेंगे और अगली बार भाजपा को हराएंगे।
- पायलट ने हनुमान बेनीवाल के इंडिया गठबंधन की बैठक में नहीं बुलाने के बयान पर पूछे गए सवाल पर कहा कि, इंडिया गठबंधन के सभी दल एकजुट हैं और आने वाले समय में नए दल भी शामिल होंगे।



*कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट का शुक्रवार को अजमेर आगमन पर कांग्रेसजनों ने जोरदार स्वागत किया। उत्साहित भीड़ एवं कांग्रेस नेताओं ने "आय लव यू सचिन" के नारे लगाये। पायलट ने एक-एक करके कई कांग्रेस नेताओं से मुलाकात की। अजमेर में कांग्रेस जनों से मुलाकात के बाद पायलट विधायक समरजीत सिंह की माताजी की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने के लिए जालोर रवाना हो गये।*

# 'नीट पेपरलीक की जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो'

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 7 जून। नैशनल स्टूडेन्ट्स यूनियन (एन.एस.यू.आई.) प्रभारी कन्हैया कुमार व इसके अध्यक्ष वरूण चौधरी ने शुक्रवार को सुप्रीम

- कांग्रेस की छात्र शाखा के एन.एस.यू. आई. के प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा, नीट रिज़ल्ट में भारी गड़बड़ी है, समय से दस दिन पहले नतीजे घोषित करना संदेह पैदा करता है।

कोर्ट की निगरानी में नीट पेपर लीक घोटाला कांड की जांच कराने की मांग की है।

यहां ए.आई.सी.सी. मुख्यालय दिल्ली में आयोजित एक प्रैस कॉन्फ्रैंस में उन्होंने कहा कि 10 दिन पहले नीट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

फल की इच्छा छोड़कर निरंतर कत्तर्व्य करो। जो फल की अभिलाषा छोड़कर कत्तर्व्य करतें हैं, उन्हें अवश्य मोक्ष प्राप्त होता है। –गीता

# फास्ट मूविंग कंज्यूमर सेक्टर की ग्रामीण बाजार में बढ़ती धमक

इसे समय का बदलाव ही कहा जाएगा कि फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स बनाने वाली कंपनियों के केन्द्र में अब ग्रामीण बाजार आने लगा है। एक समय था जब एफएमसीजी सेक्टर का ध्यान केवल और केवल शहरी और उनमें भी उच्च मध्य व उच्च आयवर्ग के लोगों तक सीमित था और यही कारण था कि उनका बिजनस केंपेन भी पूरी तरह से इस वर्ग पर ही केन्द्रीत रहता था। पर आज एफएमसीजी सेक्टर में ग्रामीण बाजार की अपनी धमक बनती जा रही है। हांलाकि आज क्या गरीब और क्या अमीर व क्या शहरी और क्या ग्रामीण सभी के जीवन स्तर व रहन सहन में तेजी से बदलाव आया है। अब दैनिक आवश्यकताओं को किसी भी तरह से पूरा करना नहीं होकर जीवन जीने और रहन सहन का तौर तरीका पूरी तरह से बदल कर रह गया है। लोग अच्छी वस्तुओं का उपयोग करना चाहते हैं। नील्सन आई क्यू की हालिया रिपोर्ट भी इसी और इशारा करती है। रिपोर्ट के अनुसार एफएमसीजी सेक्टर में शहरी खपत को ग्रामीण क्षेत्र ने पीछे छोड़ दिया है। मजे की बात यह है कि इस सेक्टर में भी खाने–पीने की वस्तुओं के स्थान पर अन्य दैनिक उपभोग की वस्तुओं सौन्दर्य प्रसाधन आदि की मांग बढ़ी है।

दरअसल जिस तरह से आज लोगों तक वस्तुओं की सहज पहुंच होती जा रही है उसी का असर साफ तौर से बाजार में दिखाई देता है। मोटे रुप से समझने की कोशिश की जाए तो पैकिंग वाले खाद्य पदार्थ, पेय पदार्थ, महिलाओं और पुरुषों की प्रसाधन सामग्री, साफ–सफाई यानी कि टॉयलेट्री के साथ ही कम लागत की घरेलू उपभोग की वस्तुओं को एफएमसीजी सेक्टर में लिया जाता है। वैसे तो आईटीसी इसका सबसे बड़ा उत्पादक और वितरक है पर तस्वीर का दूसरा पहलू यह भी है कि फास्ट मूविंग कंज्यूमर उत्पादों की मांग को देखते हुए स्थानीय स्तर पर भी मिलते जुलते रुप में उत्पादन और विपणन का कार्य होने लगा है। सबसे खास बात यह है कि फास्ट मूविंग कंज्यूमर उपभोग सामग्रियों में ब्राण्डेड के साथ ही स्थानीय निर्माताओ के उत्पादों से बाजार अटा पड़ा है। दूसरी यह कि अनेक उत्पादों के तो मिलते जुलते नाम या पैकिंग होती है जिससे उन्हें स्वत: बाजार मिल जाता है। आज कहीं भी किसी भी कोने में निकल जाओ पेय पदार्थों की ही बात करें तो कोका कोला, पेप्सी जैसे स्थानीय कंपनियों के उत्पाद आसानी से मिल जाएंगे। बिसलेरी के स्थान पर पीने के पानी की बोतल स्थानीय स्तर पर बनाई जाने वाली आसानी से मिल जाएगी। यही हालात साबुन, सर्फ, साफ सफाई के उत्पादों, फिनाइल आदि के मिल जाएंगे। दरअसल यहां कहने का अर्थ है कि अब ग्रामीण बाजार में ब्राण्डेड से लेकर स्थानीय उत्पादों की मांग तेजी से बढ़ी है और लोग अपने बजट के अनुसार उत्पाद आसानी से खरीदने लगे हैं। इससे सीधे–सीधे बाजार पर असर पड़ा है। यही कारण है कि बड़ी कंपनियों ने पांच–दस रुपये के पैकिंग में खाद्य सामग्री के उत्पाद रखने लगी है। पांच रुपए में पारले जी से लेकर नमकीन, कुरकुरे और ना जाने इस श्रेणी के कितने ही ब्राण्डेड मिल जाएंगे। इस यों कहा जा सकता है कि उत्पादकों ने छोटे से छोटे लक्षित वर्ग को ध्यान में रखकर उत्पादों की पैकिंग व्यवस्थ सुनिश्चित की है ताकि उसका लक्षित उपभोक्ता वचित ना रह सके।

**बड़ी कंपनियां भी पांच-दस रुपये के पैकिंग में खाद्य सामग्री के उत्पाद रखने लगी है। पांच रुपए में पारले जी से लेकर नमकीन, कुरकुरे और ना जाने इस श्रेणी के कितने ही ब्राण्डेड मिल जाएंगे। इसे यों कहा जा सकता है कि उत्पादकों ने छोटे से छोटे लक्षित वर्ग को ध्यान में रखकर उत्पादों की पैकिंग व्यवस्थ सुनिश्चित की है ताकि उसका लक्षित उपभोक्ता वचित ना रह सके।**

इस सबके साथ ही जिस तरह से घर घर में टीवी चैनल्स, एंड्राइड मोबाइल की पहुंच हुई है और जिस तरह से सोशियल मीडिया ने छोटे–बड़े सभी तक अपनी पहुंच बनाई है उससे बाजार को नई दिशा मिली है। सपने दिखाने वाले विज्ञापनों की चकाचौंध के चलते अब ग्रामीण क्षेत्र शहरों से दो कदम आगे ही हो गया है। यही कारण है कि लोगों को उत्पादों तक जानकारी पहुंच रही है और फिर भले ही स्टेटस सिंबल ही क्यों ना हो ग्रामीण लोग भी किसी से पीछे नहीं रहना चाहते हैं। इन सबको देखते हुए पिछले कुछ सालों से फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स क्षेत्र में कार्य कर रही कंपनियों ने शहरों में जहां दिग्गजों रिलायंस, डी मार्ट, विशाल, वी मार्ट और अमेजन, फ्लिपकार्ट जैसी बहुतेरी संस्थाओं से टाईअप करने पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा हैं वहीं ग्रामीण बाजार पर अधिक ध्यान देना शुरु किया हैं। बड़ी कंपनियों की ग्रामीण बाजार पर लगभग नहीं के बराबर पहुंच रहती थी और ग्रामीणों को ब्राण्डेड या अच्छे उत्पाद लेने के लिए शहरों की और रुख करना पड़ता था उसके स्थान पर अब गांव में ही इन उत्पादों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। सबसे खास बात यह कि सहज उपलब्धता के कारण ग्रामीण बाजार में फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुडस कंपनियों की पहुंच लगता बढ़ती जा रही है। आज तो हालात यह होते जा रहे हैं कि शहरी उपभोक्ताओं की तुलना में गांवों में इन कंपनियों को अधिक उपभोक्ता मिलने लगे हैं। हालिया रिपोर्ट में साफ हो गया है कि शहरी क्षेत्र की तुलना में गांवों–कस्बें के बाजारों में अधिक मांग आ रही है और फास्ट मूविंग कंज्यूमर सेक्टर की विकास दर शहरी की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में अधिक तेजी से बढ़ रही है। इसे शुभ संकेत भी समझा जाना चाहिए तो दूसरी और ग्रामीण क्षेत्र में जिस तेजी से रहन–सहन व खान पान में बदलाव आ रहा है वह ग्लेमर के हिसाब से तो ठीक है पर परंपरागत खान–पान को छोड़ना और पैक्ड खाद्य व पेय पदार्थों को अधिक महत्व देना आने वाले समय के लिए चिंता का विषय अवश्य हो सकती है। क्योंकि पैक्ड उत्पादों के उपभोग से होने वाले साइड इफेक्ट से आज शहरी लोग दो–चार होने लगे हैं। इसलिए कहीं ना कहीं संतुलन बनाए रखना होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल शनिवार 8 जून, 2024



पंडित अनिल शर्मा

ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष, द्वितीया तिथि, शनिवार, विक्रम संवत 2081, आर्द्रा नक्षत्र सांय 7:42 तक, गंड योग सांय 6:27 तक, कौलव करण दिन 3:56 तक, चन्द्रमा आज मिथुन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–वृष, चन्द्रमा–मिथुन, मंगल–मेष, बुध–वृष, गुरू–वृष, शुक्र–वृष, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में। आज रंभा तीज व्रत है और जिलहिज मु.मास 12 आरम्भ होगा।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ 7:18 से 9:01 तक, चर 12:26 से 2:08 तक, लाभ–अमृत 2:08 से 5:33 तक।

**राहूकाल:** 9:00 से 10:30 तक। सूर्योदय 5:36, सूर्यास्त 7:15



### मेष

व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।



### सिंह

आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।



### धनु

घर–परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।



### वृष

व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा है।



### कन्या

व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। चलते कार्यों में प्रगति होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिल सकती है। धार्मिक–मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं।



### मकर

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अनहोनी की आशंका से बना हुआ मन का भय समाप्त होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।



### मिथुन

व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।



### तुला

नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।



### कुंभ

व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं।



### कर्क

व्यक्तिगत परेशानियों के कारण भागदौड़ रहेगी। घर–गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि होगी। समय अनर्गल कार्यों में खराब होगा। मन में असंतोष बना रहेगा।



### वृश्चिक

चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। शुभ कार्यों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है।



### मीन

घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में महत्वपूर्ण कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

# ग्रीन हाइड्रोजन- वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को शक्ति प्रदान करना



अशोक कुमार

ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रधानमंत्री ने देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन का एलान किया था!

**ग्रीन हाइड्रोजन क्या है ?**

ग्रीन हाइड्रोजन एक प्रकार का हाइड्रोजन है जो नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों जैसे सौर और पवन ऊर्जा का उपयोग करके पानी से उत्पन्न होता है। यह हाइड्रोजन का एक स्वच्छ और टिकाऊ रूप है जो जीवाश्म ईंधन का विकल्प हो सकता है।

हाइड्रोजन प्राकृतिक तौर पर पाया जाने वाला बेहद आम तत्व है, जो अन्य तत्वों के साथ संयोजन में मौजूद है। इसमें प्राकृतिक तौर पर पाए जाने वाले यौगिकों जैसे पानी (जो दो हाइड्रोजन परमाणु और एक ऑक्सीजन परमाणु के संयोजन से बनता है) से निकाला जाता है। हाइड्रोजन अणु के इस उत्पादन की प्रक्रिया ऊर्जा लेती है। हाइड्रोजन बनाने की यह प्रक्रिया इलक्ट्रोलिसिस कहलाती है। पानी के मामले में नवीकरणीय ऊर्जा (जैसे हवा, पानी या सौर ऊर्जा) का उपयोग करके पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विखंडन करके जिस हाइड्रोजन का उत्पादन किया जाता है उसे ही ग्रीन हाइड्रोजन कहा जाता है। ग्रीन हाइड्रोजन में ग्रे हाइड्रोजन की तुलना में काफी कम कार्बन उत्सर्जन होता है। ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग उन क्षेत्रों को डीकार्बोनाइज करने के लिए किया जा सकता है जो विद्युतीकरण के लिए कठिन हैं, जैसे स्टील और सीमेंट उत्पादन, और इस प्रकार यह जलवायु परिवर्तन को सीमित करने में मदद करता है।

ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन कई तकनीकों का उपयोग करके किया जा सकता है, जिनमें शामिल हैं:–

**इलेक्ट्रोलाइसिस:** यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें पानी को बिजली का उपयोग करके हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित किया जाता है।

**थर्मोकेमिकल चक्र:** यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें गर्मी का उपयोग पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित करने के लिए किया जाता है।

**जैव–हाइड्रोजन उत्पादन:** यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें सूक्ष्मजीवों का उपयोग पानी को हाइड्रोजन में विभाजित करने के लिए किया जाता है। ग्रीन हाइड्रोजन में ऊर्जा क्षेत्र में क्रांति लाने की क्षमता है। यह जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता को कम करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है।

**ग्रीन हाइड्रोजन क्यों जरूरी है?**

ग्रीन हाइड्रोजन महत्वपूर्ण है क्योंकि यह जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता को कम करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है। यह एक स्वच्छ, टिकाऊ और बहुमुखी ऊर्जा स्त्रोत है जिसका उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा की आपूर्ति के लिए किया जा सकता है, जैसे:

**परिवहन:** ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग ईंधन सेल वाहनों को चलाने के लिए किया जा सकता है, जो शून्य उत्सर्जन उत्पन्न करते हैं।

**ऊर्जा भंडारण:** ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग ऊर्जा को स्टोर करने के लिए किया जा सकता है जब नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से अधिक बिजली का उत्पादन होता है।

**उद्योग:** ग्रीन हाइड्रोजन का उपयोग उद्योगों में ऊर्जा और कच्चे माल के रूप में किया जा सकता है।

**ग्रीन हाइड्रोजन के लाभ:–**

**स्वच्छ:** यह जीवाश्म ईंधन का एक स्वच्छ विकल्प है जो शून्य उत्सर्जन उत्पन्न करता है।

**टिकाऊ:** यह नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से उत्पन्न होता है, जो इसे टिकाऊ बनाता है।

**बहुमुखी:** इसका उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में ऊर्जा की आपूर्ति के लिए किया जा सकता है।

**ग्रीन हाइड्रोजन के सामने कुछ चुनौतियां:–**

**उत्पादन:** ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन अभी भी महंगा है।

**भंडारण:** ग्रीन हाइड्रोजन को स्टोर करना मुश्किल है।

**बुनियादी ढांचा:** ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग के लिए बुनियादी ढांचे का विकास अभी भी प्रारंभिक चरण में है।

**ग्रीन हाइड्रोजन का भविष्य:**

ग्रीन हाइड्रोजन में ऊर्जा क्षेत्र में क्रांति लाने की क्षमता है। यह जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता को कम करने और जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद कर सकता है। सरकारों और कंपनियां ग्रीन हाइड्रोजन के विकास और उपयोग में निवेश कर रही हैं, और यह उम्मीद की जाती है कि यह भविष्य में ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत बन जाएगा।

**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर,**
**गोरखपुर विश्वविद्यालय**

# ‘विश्वविद्यालय क्षेत्रीय इतिहास, सभ्यता और संस्कृति से जुड़े केंद्र स्थापित करने की पहल करें’

## राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की



महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को राज्यपाल कलराज मिश्र ने संबोधित किया।

- राज्यपाल ने 54 स्वर्ण पदक प्राप्त कर्ताओं में 44 छात्राएं होने पर प्रसन्नता जताई तथा कहा कि छात्राओं का प्रदर्शन उत्साहजनक है

**बीकानेर,** (निसं)। राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि विश्वविद्यालय नई शिक्षा नीति के आलोक में देशभर में ऐसा वातावरण निर्मित करें, जिससे विद्यार्थी रोजगार पाने के इच्छुक बनने की बजाय रोजगार देने वाले बन सकें। उन्होंने विश्वविद्यालयों द्वारा स्थानीय विरासत को सहेजने–संवारने हेतु अपने परिसर में क्षेत्रीय इतिहास, सभ्यता, संस्कृति को परिलक्षित करने वाले केन्द्रों की स्थापना करने का भी आव्हान किया। मिश्र शुक्रवार को बीकानेर में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल मिश्र ने बीकानेर को भाईचारे और सद्भाव की संस्कृति से जुड़ा शहर बताते हुए कहा कि यहां साहित्य और संस्कृति की समृद्ध परंपरा रही है। उन्होंने डॉ. छगन मोहता, यादवेंद्र शर्मा ‘चंद्र’, अजीज आजाद आदि साहित्यकारों और उनके लिखे का उल्लेख करते हुए बीकानेर की लघु चित्र शैलियां, उस्ता कला, मथेरण कला, लोक संगीत, नृत्य आदि को भी स्मरण किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय साहित्य, कला संस्कृति के प्रकाश में महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय नई पीढ़ी को दिशा दें। उन्होंने विश्वविद्यालयों में शोध और अनुसंधान की ऐसी परम्परा बनाने की भी आवश्यकता जताई जिससे हम अपनी धरोहर को संरक्षित कर सकें। राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा वही सार्थक है, जिसमें पाठ्य पुस्तकों के साथ विद्यार्थी जीवन–कौशल के साथ परिवेश की समझ से जुड़ सके, जिसमें नवीन विचार और शोध के लिए विद्यार्थी उत्सुक हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति सब तक पहुंच, समानता, गुणवत्ता, सामर्थ्य और जवाबदेही के स्तंभों पर आधारित है। इस नीति का उद्देश्य एक ऐसी शिक्षा प्रणाली विकसित करना है जो सभी नागरिकों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करके भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में विकसित करके देश के परिवर्तन में सीधे योगदान देने में सक्षम करने से जुड़ी है। उन्होंने नई शिक्षा नीति को विश्वविद्यालयों में पूरी तरह से लागू करने और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम निर्माण पर भी जोर दिया।

मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय ऐसे पाठ्यक्रम निर्मित करें, जिसमें स्थानीय पर्यटन संभावनाओं के साथ स्थानीय संस्कृति और परम्पराओं के संरक्षण की दिशा–दृष्टि बन सकें। उन्होंने शिक्षा के जरिए विद्यार्थी की शारीरिक, बौद्धिक तथा भावात्मक शक्तियों को परिपुष्ट और विकसित किए जाने पर भी कार्य करने की आवश्यकता जताई। राज्यपाल ने 54 स्वर्ण पदक प्राप्त कर्ताओं में 44 छात्राएं होने पर प्रसन्नता जताई तथा कहा कि छात्राओं का यह प्रदर्शन उत्साहजनक है। लड़कियों को यदि अवसर मिलते हैं तो वे जीवन में तेजी से उत्कर्ष की ओर बढ़ती हैं। उन्होंने महिला शिक्षा एवं सशक्तीकरण के क्षेत्र में विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

मिश्र ने इससे पहले कला संकाय की छात्रा दिव्या हर्ष को कुलाधिपति पदक एवं शिक्षा संकाय की छात्रा किरण शर्मा को कुलपति पदक प्रदान किया। उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षिक एवं सह–शैक्षणिक गतिविधियों में श्रेष्ठ विद्यार्थी को "महाराजा गंगासिंह अवार्ड" और खेलकूद प्रतियोगिताओं में अव्वल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को "महाराजा करणी सिंह खेल अवार्ड" देने की शुरुआत की भी सराहना की। उन्होंने विश्वविद्यालय के 21वें स्थापना दिवस के लिए सभी को बधाई प्रेषित की।

कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित द्वारा प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय की गतिविधियों की जानकारी दी गई। अष्टम दीक्षान्त समारोह में परीक्षा वर्ष 2021 में उत्तीर्ण हुए 1 लाख 26 हजार 880 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई। वहीं इसी वर्ष की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 54 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। दीक्षान्त समारोह में ही 1 जनवरी से 31 दिसम्बर 2021 तक के 39 विद्यार्थियों को विद्याा–वाचस्पति की उपाधि भी प्रदान की गई।

राज्यपाल ने लेफ्टिनेंट कर्नल किशन सिंह शूटिंग रेंज, महर्षि भारद्वाज भवन के विस्तार कार्य का शिलान्यास किया। संत मीरा बाई सभागार में महाराजा गंगा सिंह की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण किया गया। सत्र 2022–23 के लिए विश्वविद्यालय योग विभाग की प्रियंका को महाराजा गंगा सिंह अवार्ड तथा चूरू बालिका महाविद्यालय की छात्रा निकिता लाम्बा को महाराजा करणी सिंह खेल अवार्ड प्रदान किया गया। समारोह में 1 से 6 जून तक विश्वविद्यालय में आयोजित इंडोर गेम, योगा, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, गायन, नृत्य, भाषण एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक प्राप्त करने वाली निकिता लाम्बा को 3 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। समारोह में विश्वविद्यालय के विभिन्न क्रियाकलापों को प्रदर्शित करने वाली दीक्षा स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम में बीकानेर पूर्व से विधायक सिद्धी कुमारी, खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल, बीकानेर पश्चिम विधायक जेठानंद व्यास, श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम सहित शिवबाड़ी महंत विमर्शानंद महाराज, विषेशाधिकारी राज्यपाल गोविंदराम जायसवाल, अतिरिक्त कुल सचिव डॉ. बिठ्ठल बिस्सा, वित्त नियंत्रक अरविंद बिश्नोई, उप कुल सचिव डॉ. गिरिराज हर्ष, परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजाराम चोयल सहित समस्त स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे। कुलसचिव हरि सिंह मीणा ने आभार व्यक्त किया।

# ओवरफ्लो होकर नहर टूटी, किसानों की सिंचाई बारियां प्रभावित

- नहरों में पेड़ टूटकर गिरने व मलबा पुलिया में फंसने से नहर टूट गई थी
- काश्तकारों ने आठ घंटे की मशक्कत के बाद कटाव को बांधा

**गजसिंहपुर,** (निसं)। नहरों में पेड़ टूटकर गिरने व मलबा पुलिया में फंसने के बाद शुक्रवार को पानी ऑवरफ्लो होने से नहर टूट गई। जानकारी मिलने पर किसानों ने नहर पर पहुंचकर नहर को बांधने का प्रयास शुरू कर दिया। काश्तकार ट्रैक्टर–ट्रॉलियों व कस्सी फावड़े लेकर नहरें के पटड़े को बांधने में जुट गए। नहर टूटने की सूचना मिलते ही आस–पास गांवों के किसान भी बड़ी संख्या में पहुंच गए और अपने स्तर प्रयास करने लगे।

आरबी नहर लोवर साइट के अध्यक्ष मदन भादू ने बताया कि आरबी नहर में गीता भवन के पास अलसुबह कटाव आ गया। सुबह करीब पांच बजे नहर में 30 फीट का कटाव आ गया। नहर के कटाव को बांधने के लिए जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर–ट्रॉलियों का सहारा लिया गया। करीब सात–आठ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद नहर के कटाव को बांधा गया। वहीं, जल संसाधन विभाग के श्रीराम बादिया ने भी मौके पर पहुंचकर वास्तुस्थिति का जायजा लिया। नहर में कटाव आने के बाद बीरानी खेत पानी से जलमग्न हो गए, जिसके चलते एक बार के लिए आने–जाने का रास्ता भी बंद हो गया।

आरबी नहर के अध्यक्ष चरण सिह ने बताया कि नहर के कटाव को बांधने के लिए जेसीबी मशीन, पांच ट्रैक्टर ट्रॉलियां, लोडर मशीन व चौकलेन मशीन की सहायता से नहर के कटाव को बांधा गया। इस मौके पर काश्तकार विनोद स्वामी का नहर के कटाव को बांधने में विशेष योगदान रहा। नहर कटाव बांधने में भादवांवाला व फाजूवाला के किसान हरजीत सिंह, राकेश भांभू, रामकुमार जाखड, बलवंत बुडिया, रामस्वरूप लोहरा, द्वारका रोझ, इन्द्राज, आलोक सहित बड़ी संख्या में किसानों ने सहयोग गया।

## मरणोपरांत नेत्रदान करवाया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। युवा सौरभ बाबेल आकस्मिक निधन से दुनिया से तो विदा हो गए, पर काया के राख होने से पहले नेत्रों का दान करने से दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन में नई रोशनी आ सकेगी।

महेश कुमार बाबेल के सुपुत्र सौरभ के निधन होने पर श्री महावीर युवक मण्डल सेवा संस्थान भीलवाड़ा की प्रेरणा से परिजनों ने उनके नेत्रदान के लिए सहमति व्यक्त की। रामस्नेही हॉस्पिटल एवं आई बैंक की टीम ने परिवार के निवास पर पहुंचकर दोनों नेत्रों का सफलतापूर्वक उत्सर्जन किया। नेत्रदान के लिए बाबेल परिवार की पहल की सराहना करते हुए महावीर युवक मण्डल ने उनका भी अभिनंदन किया।

# बेटिकट यात्रा के 23 हजार मामलों में रेलवे ने 1.15 करोड़ रुपए वसूले

- गंदगी फैलाने के मामलों में 1.18 लाख की वसूली की गई

**जोधपुर,** (कासं)। रेलवे ने ट्रेनों में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध अपने सघन टिकट जांच अभियान को और तेज करते हुए एक माह में 23 हजार मामलों से 1 करोड़ 15 लाख रुपए का राजस्व वसूल करने में सफलता हासिल की है।

उत्तर–पश्चिम रेलवे के जोधपुर सीनियर डीसीएम विकास खेड़ा ने बताया कि डीआरएम पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में जोधपुर मंडल पर चलाए जा रहे सघन टिकट जांच अभियान को ग्रीष्मावकाश के दौरान और अधिक प्रभावी बनाया गया है जिसके तहत टिकट चेकिंग स्टाफ ने मई माह में उत्कृष्ट कार्य करते हुए बिना टिकट व अनियमित टिकट पर यात्रा समेत अन्य 23 हजार 370 कुल मामलों से 1 करोड़ 15 लाख 26 हजार 789 रुपए का राजस्व वसूल किया है। उन्होंने बताया कि जांच अभियान के दौरान ट्रेनों व स्टेशनों पर पकड़े गए 13 हजार 591 बिना टिकट यात्रियों से 35 लाख 59 हजार 987 रुपए जुर्माना सहित 70 लाख 19 हजार 393 रुपए का राजस्व वसूल किया गया है। इसके अतिरिक्त इस अवधि के दौरान ट्रेनों में अनियमित यात्रा के 8 हजार 619 मामलों से 43 लाख 70 हजार 556, बिना बुक सामान के मामलों से 1 हजार 490 व धूम्रपान के 81 मामलों से 16 हजार 500 रुपए किराया व जुर्माना वसूला गया है।

अभियान के तहत मई माह में ट्रेनों व स्टेशनों पर गंदगी फैलाने के 1075 मामले पकड़े गए हैं जिनके विरुद्ध कार्रवाही करते हुए टिकट चेकिंग दलों ने 1 लाख 18 हजार 850 रुपए का जुर्माना वसूल किया।

# सादुलपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में आंधी ने तबाही मचाई, वर्षों पुराने पेड़ उखड़े

## आंधी से क्षेत्र में करीब 150 पोल टूटे, दीवारें गिरी, टीनशेड दूर खेतों में जाकर गिरे

**सादुलपुर,** (निसं)। सादुलपुर विधानसभा क्षेत्र में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में नया पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने से 70 किमी घंटे की रफ्तार से आई आंधी ने उपखंड क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जगह-जगह बिजली के पोल व तार टूट गए, जिसके चलते बिजली आपूर्ति व्यवस्था लड़खड़ा गई। लोग रातभर से बिजली के लिए इस भीषण गर्मी में परेशान रहे। इसके अलावा तहसील मुख्यालय के पहाड़सर, गुलपुरा सहित अनेक गांवों में वर्षों पुराने पेड़ उखड़ गए। शंकरनाथ गौशाला राधा छोटी का टीनशेड आंधी से धराशाही हो गया एवं गौशाला की दीवार टूटकर दूर जा गिरी।



आंधी से गौशाला के टीनशेड धराशाही हो जाने से गायों को बाहर निकाला।

प्रदीप गोदारा पहाड़सर ने बताया कि उनके गांव में वर्षों पुराने पेड़ धाराशाही हो गए। सुरेश प्रजापत गुलपुरा ने बताया कि पेड़ टूटने से उनके गांव का रास्ता ही बंद हो गया। गौशाला कमेटी सदस्य संदीप पूनिया व मास्टर सोमवीर पूनिया ने बताया अंधड़ इतना तेज था कि गौशाला के टीनशेड धराशाई हो जाने से आनन-फानन में गायों को बाहर निकालकर राहत की सांस ली। इधर गोठ्या बड़ी के ओमप्रकाश मेघवाल ने बताया कि बीती रात्रि इलाके में आये तेज आंधी तूफान से उनके खेत में लगे सोलर पैनल टूटकर दूर खेतों में जा गिरे, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है।

**■ हरियाणा के निकटवर्ती गांवों में भी तेज आंधी से जनजीवन प्रभावित हुआ**

हरियाणा के निकटवर्ती गांवों में भी जबरदस्त तेज आंधी से जनजीवन प्रभावित हुआ। ग्रामीण नेतराम मेहरा ने बताया भयंकर तेज तूफान से रात्रि को गुल हुई बिजली शाम तक भी बहाल नहीं हो सकी। जिससे लोगों को गर्मी एवं उमस में भारी परेशानी हुई। लोग जब सुबह उठे तो घर के हर कोने-कोने में सिर्फ मिट्टी ही मिट्टी नजर आई, जिसे साफ-सफाई करने में भी घंटों खासी मशक्कत करनी पड़ी। राघा बड़ी राघा छोटी, भाकरां, सुधिवास, खैरु बड़ी, बीराण, बालाण, कामाण, भोजाण, जीराम बास आदि दर्जनों गांवों में तेज अंधड़ से खेतों में खड़े पेड़ धराशायी हो गये।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में 7 जून से 9 जून के दौरान बीकानेर और जोधपुर संभाग सहित उत्तरी पश्चिम क्षेत्र में कुछ हिस्सों में तेज आंधी तूफान और हल्की से मध्यम बारिश की प्रबल संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में अधिक तापमान मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल है।

# आंधी के दौरान पेड़ टूटकर गिरने से मां-बेटी की मौत

**खेतड़ी,** (निसं)। खेतड़ी उपखंड के बांसियाल में देर रात को आई आंधी के दौरान पेड़ टूटकर घर के बाहर सो रहे लोगों पर आ गिरा। इस दौरान हादसे में एक बच्ची व उसकी मां की मौत हो गई।

**■ घर के बाहर सो रहे लोगों पर आंधी के दौरान पेड़ टूटकर आ गिरा था**

जानकारी के अनुसार चुरू जिले के उदासर प्रदीप कुमार मीणा अपने परिवार के साथ खेत साझेदारी में लेकर फसल उगाता था। उसने बांसियाल में सवाई सिंह का खेत बंटाईदारी में लेकर फसल करने के लिए यहां आया था। गुरूवार शाम को खाना खाने के बाद अपने परिवार के साथ घर के बाहर सो रहा था। इस दौरान रात करीब साढ़े नौ बजे तेज़ हवाओं के साथ आंधी शुरू हो गई। जब तक वे संभल पाते इससे पहले ही तेज हवा के साथ घर के पास खड़े खेजड़ी के पेड़ का हिस्सा टूटकर घर के बाहर सो रहे उसके परिवार के सदस्यों पर आ गिरा। इस दौरान उसने बड़ी मशक्कत कर परिवार के सदस्यों को पेड़ के टूटे हिस्से से बाहर निकाला तो उसकी पत्नी सावित्री (45) व उसकी बेटी काजल (11) घायल हो गई थी।

इस दौरान शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा पेड़ टूटकर गिरने से दोनों घायलों को खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में लाया गया, जहां डाक्टरों ने काजल पुत्री प्रदीप कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि सावित्री देवी पत्नी प्रदीप कुमार का पैर फ्रैक्चर होने पर उसे झुंझुनू रैफर कर दिया। इसके बाद सावित्री देवी की भी मौत हो गई। पीड़ित प्रदीप कुमार ने बताया कि वह तीन दिन पहले ही बांसियाल में खेती करने के लिए अपने गांव से परिवार के साथ आया था। काजल उसकी बड़ी बेटी थी तथा दो बेटी व एक छोटा बेटा है।

शुक्रवार को अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए ग्रामीण अस्पताल परिसर में धरने पर बैठ गए तथा लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को सस्पेंड करने की मांग की। राजकीय उप जिला अस्पताल में धरने पर बैठे ग्रामीणों ने बताया कि देर रात को आई आंधी के दौरान बांसियाल में प्रदीप कुमार मीणा का परिवार घर के बाहर सो रहा था। इस दौरान खेजड़ी के पेड़ का हिस्सा टूटकर उनके ऊपर आ गिरा। इस दौरान हादसे में काजल पुत्री प्रदीप कुमार, सावित्री देवी पत्नी प्रदीप कुमार व दो बच्चे घायल हो गए थे। इस दौरान घायलों को निजी वाहनों में खेतड़ी के राजकीय उप जिला अस्पताल में लाया गया तो काजल को मृत घोषित कर दिया गया था, लेकिन सावित्री की हालत गंभीर होने पर रैफर किया गया था। इसके बाद सावित्री देवी की भी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि हादसे में दो छोटे बच्चे घायल हुए थे, जिनका सुबह तक अस्पताल स्टाफ की ओर से उपचार नहीं किया गया। सुबह ग्रामीणों के आने के बाद बच्चों का उपचार करवाया गया। घटना की सूचना पर तहसीलदार नीलम राज बंशीवाल मौके पर पहुंचे तो ग्रामीण उनसे लेट आने की बात पर उलझ गए तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

मामले को बिगड़ता देख एसडीएम सविता शर्मा, सीएमएचओ डॉ. विनय गहलोत, बीसीएमओ डॉ. हरीश यादव अस्पताल पहुंचे तथा घटना की जानकारी ली। इस दौरान ग्रामीणों ने ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को सस्पेंड नहीं किया जाता तब तक धरना नहीं उठाया जाएगा। इस दौरान अधिकारियों ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया, लेकिन ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े हुए हैं। इस दौरान खेतड़ी, मेहाड़ा, खेतड़ीनगर व बबाई थानों का जाब्ता भी मौके पर बुलाया गया। धरने पर बैठे ग्रामीणों के बीच चार घंटे बाद समझौता हो गया। इसके बाद पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू की गई। एसडीएम सविता शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की ओर से अस्पताल के कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही बरतने का आरोप लगाया था। जिस पर सीएमएचओ डॉ. विनय गहलोत की ओर से कमेटी का गठन किया गया है। रात की ड्यूटी में लापरवाही की जांच की जाएगी। वहीं जो भी कर्मचारी दोषी पाए जाने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा पीड़ित परिवार को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता देने की बात पर सहमति बनी है। इसके बाद परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम करवाया गया।

# शेखावाटी में धूलभरी आंधी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

## आंधी से बिजली के तार व पेड़ टूट गए और छप्पर आदि उड़ गए



चूरू में धूलभरी आंधी चलने से चारों ओर धूल का गुबार छा गया।

**चूरू,** (कासं)। शेखावाटी में शुक्रवार को धूलभरी आंधी चलने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। पिछली रात्रि को आई आंधी ने काफी नुकसान किया था। गुरूवार रात्रि को आई आंधी से बिजली के तार टूट गए, पेड़ टूट गए और छप्पर आदि उड़ गए।

शुक्रवार दोपहर तीन बजे आये अंधड़ ने एक बार फिर जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया। आंधी के कारण काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा। वहीं तेज आंधी के बाद बिजली सप्लाई भी बाधित रही। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा, धूल का गुबार छा गया। ग्रहणियों के लिए आंधी जी का जंजाल बन गई। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को आंधी 25 से 30 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आयी और शुक्रवार को सामान्यतया आंधी 10 से 18 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से आयी और बीच-बीच में इसकी गति 20-25 किमी प्रति घंटा भी रही।

# जालोर से वैभव की हार का कारण पूर्व सीएम गहलोत बता चुके हैं : पायलट

## हारने की हम समीक्षा करेंगे और आने वाले चुनाव में अच्छे से मेहनत करेंगे : पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट

**जालोर,** (कासं)। प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट शुक्रवार को भीनमाल के विधायक डॉ. समरजीत सिंह की माता का स्वर्गवास होने पर उनके पैतृक गांव दांसपा शोक सभा में पहुंचे। सचिन पायलट ने विधायक डॉ. समरजीतसिंह की माता स्व. जसवंत कंवर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा विधायक डॉ. सिंह को ढांढसा बंधाया।



भीनमाल स्थित दांसपा में पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने विधायक डॉ. समरजीतसिंह की माता के निधन पर शोक सभा में शिरकत की।

पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के परिणाम का मूल्याकंन करे तो स्पष्ट जनादेश जनता ने किसी दल को नहीं दिया है। जनता ने एक खण्डित जनादेश दिया है तथा जो भी सरकार बनेगी वह मिलीजुली सरकार बनेगी। इस चुनाव में कांग्रेस का संख्या बल दुगुना हो गया। जबकि भाजपा स्वयं अपने बूते पर स्पष्ट बहुमत का आंकड़ा तक नहीं पहुंच सकी। देश की जनता का जनादेश इंडिया गठबंधन के साथ है और आने वाले समय में देश की जनता के लिए इंडिया गठबंधन मजबूती से काम करेगा। जालोर में पूर्व सीएम के पुत्र वैभव की हारने के कारण के प्रश्न पर बताया कि इस बारे में पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने वैसे तो सीट से वैभव के हारने का कारण बता दिया है। लेकिन फिर भी हारने की हम समीक्षा करेंगे और आने वाले चुनाव में अच्छे से मेहनत करेंगे। वहीं प्रदेश में जहां जहां कांग्रेस हारी है उसकी भी समीक्षा कर आने वाले समय में उस जगह से सकारात्मक परिणाम लाये जायेंगे।

वहीं दूसरी ओर प्रदेश की राजनीति पर कहा कि राजस्थान में भाजपा का घमंड टूटा है। वहीं कांग्रेस ने राजस्थान में 11 सीट इंडिया गठबंधन के खाते में गई है। सचिन पायलट ने कहा कि आने वाले समय में हम मिलकर काम करेंगे और कांग्रेस को मजबूत करने के साथ आने वाले सालों में सरकार बनाएंगे और जनता की सेवा करेंगे। वहीं नीट परीक्षा को लेकर पायलट ने भाजपा सरकार पर उंगली उठाते हुए कहा कि नीट परीक्षा में जिस प्रकार से बच्चों को अंक दिये गये हैं, जिससे लगता है कि धांधली हुई है। नीट परीक्षा धांधली की जांच की जानी चाहिए। सचिन पायलट ने कहा कि कहा कि सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत से परिणाम कांग्रेस के पक्ष में आये हैं। आहोर में सवाराम पटेल, जालोर में अमीन मोयला, लक्ष्मीकांत सलीम ने पायलट का स्वागत किया। इसके बाद सचिन पायलट रानीवाडा विधायक रतन देवासी के साथ रानीवाडा होते हुए अहमदाबाद के लिए रवाना हुए। इस दौरान बाडमेर के नवनिर्वाचित सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, पूर्व मंत्री हरिश चौधरी, पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी, रानीवाडा विधायक रतन देवासी, पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, आहोर की कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, जैसलमेर के पूर्व विधायक रूपाराम, समा बानो, पीसीसी सचिव महेन्द्रसिंह खेडी, सोमेन्द्र गुर्जर सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के भीनमाल विधायक डॉ. समरजीतसिंह की माता के निधन पर शोकसभा में शिरकत करने जालोर आगमन पर जगह-जगह स्वागत किया गया, लेकिन पूर्व सीएम गुट के लोग पायलट के दौरे के दौरान नजर नहीं आये। लोकसभा चुनाव में पायलट को पूर्व सीएम अशोक गहलोत अपने पुत्र वैभव के नामांकन रैली से लेकर चुनाव प्रचार करने तक से दूर रखा था। पूर्व सीएम हमेशा से पायलट को अपना विरोधी मनाते आये तथा चुनाव में भी उनका विरोध साफ देखा गया। बाडमेर के नवनिर्वाचित सांसद उम्मेदाराम, पूर्व मंत्री हरिश चौधरी व हेमाराम चौधरी तक दांसपा पहुंच गये, लेकिन गहलोत गुट के नजदीकी नेता पायलट के आगमन पर नही पहुंचना चर्चा का विषय बना रहा।

# निजी बस पलटने से 20 लोग घायल

## गंभीर हालत की वजह से तीन यात्रियों को जयपुर रैफर किया

**दौसा,** (निसं)। जिले में मेहंदीपुर बालाजी के निकट ब्रह्मवाद के पास एक निजी बस शुक्रवार सुबह पलट गई। इससे बस में सवार 20 लोग घायल हो गए। घायलों को पहले सिकराय अस्पताल फिर दौसा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर हालत की वजह से तीन यात्रियों को जयपुर रैफर किया गया है। जबकि बाकी घायल यात्रियों का दौसा जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

**■ सभी यात्री चार धाम की यात्रा करके लौट रहे थे, बस चालक को नींद की झपकी आने की वजह से हुआ हादसा**

प्राप्त जानकारी के अनुसार ये सभी यात्री चार धाम की यात्रा करके लौट रहे थे। इनमें सभी भीलवाडा के कोटडी गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। यात्रियों ने बताया कि यह हादसा बस चालक को नींद की झपकी आने से की वजह से हुआ है। घायल यात्रियों ने बताया कि वह सभी केदारनाथ, बद्रीनाथ समेत चारधाम यात्रा करके लौट रहे थे। मेहंदीपुर बालाजी के पास अचानक चालक को नींद की झपकी आने की वजह से बस पलट गई जिसमें सवार यात्रियों में 20 लोग घायल हो गए, जिनमें एक 14 वर्षीय किशोर भी शामिल है। सभी का इलाज जिला अस्पताल में जारी है।


**जयपुर विकास प्राधिकरण**
इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांक : जविप्रा/अधि.अभि.एवं त.स.नि.अ.-I/2024-25/डी-33 दिनांक : 07.06.2024

**बिड आमंत्रण सूचना**

बिड संख्या – अ.अ. एवं त.स.नि.अ.–I/01/2024–25

जविप्रा द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिए निविदा आमंत्रित की जाती हैं :

| क्र. सं. | यूबीएन नं. | कार्य राशि (लाखों में) | कार्य की प्रकृति | अन्तिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | JDA2324WSOB00796 | 29.88 | विद्युत | 27.03.2024 |
| 2 | JDA2425WSOB00002 | 21.22 | विद्युत | 19.06.2024 |
| 3 | JDA2425WSOB00003 | 83.15 | विद्युत | 19.06.2024 |
| 4 | JDA2425WSOB00004 | 189.91 | विद्युत | 19.06.2024 |
| 5 | JDA2425WSOB00005 | 29.68 | विद्युत | 19.06.2024 |
| 6 | JDA2425WSOB00006 | 29.78 | विद्युत | 19.06.2024 |
| 7 | JDA2425WSOB00007 | 30.00 | उद्यान | 18.06.2024 |
| 8 | JDA2425WSOB00008 | 146.00 | फूडकोर्ट | 26.06.2024 |
| 9 | JDA2425WSOB00009 | 5.52 | वाहन | 18.06.2024 |

निविदा का विस्तृत विवरण उपापन पोर्टल www.sppp.raj.nic.in, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं जविप्रा की वेबसाईट www.jda.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/24/366 अधि.अभि. एवं तक. सहा.निदे.अभि.-प्रथम



**RajCOMP Info Services Limited (RISL)**
C-Block, 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur

RISL invites e-bids from the eligible bidders for the following:

| NIB No./ Date/ Unique bid no. | Particulars | Estimated Cost/Bid Security | Start of sale /Last date |
|---|---|---|---|
| 1847/07.06.2024 RIS2425SLOB 00017 | RFP for Procurement of one year complete annual Technical Support (ATS) of OmniDocs, OmniScan Web & FTS of existing Newgen's DMS Solution and one onsite DMS Support Resource of OEM for one year | Rs. 58 Lakh Rs. 1.16 Lac | 07.06.2024 02.07.2024 |

Details can be seen on the websites **https://sppp.rajasthan.gov.in, https://risl.rajasthan.gov.in, https://doitc.rajasthan.gov.in**. Bids are to be submitted through **https://eproc.rajasthan.gov.in**.

Raj.Samwad/C/24/371 Additional Director, DoIT&C



**कार्यालय उप वन संरक्षक, जयपुर (उत्तर)**
पुराना कोल डिपो, झोटवाडा रोड, पानी पेच, जयपुर-302016
e-mail defjaipurnorth@gmail.com Ph. 0141-2303165

क्रमांक-एफ()FCA/उवसंजउ/2023-24/10113-14 दिनांक-22.09.2023

निमित्त,

सहायक अभियन्ता,
सार्वजनिक निर्माण विभाग,
उपखण्ड-अमरसर (जयपुर)

**विषय**-Diversion of 1.4445 ha. of forest land in favour of Public Works Department. Shahpura, Jaipur, Construction of Road widening & Strengthening of Manoharpur to Itwa Bhopji Via Nawalpura Charanwas (MDR-187) Proposal. No. FP/RJ/ROAD/35096/2018.

**सन्दर्भ**- भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर (उप क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर) के द्वारा Online Proposal No.- FP/RJ/ROAD/35096/2018 में दिनांक 28.08.2023 के द्वारा जारी सैद्धान्तिक स्वीकृति (संलग्न) के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत प्रस्ताव "Diversion of 1.4445 ha. of forest land in favour of Public Works Department. Shahpura, Jaipur, Construction of Road widening & Strengthening of Manoharpur to Itwa Bhopji Via Nawalpura Charanwas (MDR-187) Proposal No. FP/RJ/ROAD/35096/2018" में 1.4445 हैक्टर वन भूमि प्रत्यावर्तन की स्वीकृति चाही गयी थी। जिसके क्रम में भारत सरकार पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालय, गांधीनगर (उप क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर) के द्वारा Online Proposal No.- FP/RJ/ROAD/35096/2018 में दिनांक 28.08.2023 के द्वारा जारी सैद्धान्तिक स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों के साथ प्रदान की गई है-

**भरतपुर,** (निसं)। पति द्वारा पत्नी की गोली मारकर हत्या कर पुत्र के साथ सबूत को मिटाने के लिये लाश को जला देने के मामले में गढीबाजना थाना पुलिस ने आरोपी पुत्र केशव को गिरफ्तार किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बयाना विजेन्दसिंह व वृताधिकारी वृत बयाना अमरसिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी हीरालाल मय गठित टीम द्वारा थाना गढीबाजना के प्रकरण जिसमें पत्नी की गोली मार कर हत्या देने, पति व पुत्र द्वारा सबूत नष्ट करने के लिये लाश को जला देने के मामले में आरोपी पुत्र केशव पुत्र बहादुरसिंह भील निवासी हल्लनपुरा सहायपुर थाना गढीबाजना गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में आरोपी पति बहादुरसिंह पुत्र हरीसिंह को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

- **पति द्वारा पत्नी की गोली मारकर हत्या कर पुत्र के साथ सबूत को मिटाने के लिये लाश को जला देने का मामला**

एसपी मृदुल कच्छावा ने बताया कि सुखचन्दी पुत्र अमरसिंह निवासी उंदेरा थाना फतेहपुर सीकरी जिला आगरा हाल शक्करपुर थाना रूपवास ने एक रिपोर्ट इस आशय की पेश की मेरी बहिन प्रेम उर्फ सुमेरा को मेरे जीजा बहादुरसिंह ने 18 मार्च को शराब के नशे में बन्दूकनुमा हथियार से गोली मारकर हत्या कर दी। तथा मुझे बिना सूचना किये 3-4 अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर मेरी बहिन की लाश को जलाकर सबूत नष्ट कर दिये। पुलिस द्वारा इस सम्बन्ध में थाना गढीबाजना पर मामला दर्ज कर त्वरित कार्यवाही कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया।

## मारपीट में एक की मौत

**सीकर,** (निसं)। कोतवाली थाना इलाके में मोहल्ला कारीगरान में पानी की गाड़ी साइड में लगाने की बात को लेकर हुई मारपीट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने शव को एसके हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवा कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक यूसुफ के बेटे आदिल नारू ने बताया कि सुबह 11 बजे के करीब गली में पानी डालने वाली गाड़ी घर के बाहर लगा दी जिसके बाद उसके पिता ने उन्हें गाड़ी को साइड में लगाने को कहा तो गाड़ी लेकर आए अजरूद्दीन और अन्य 2 लोगों ने उसके पिता के साथ मारपीट करना शुरू कर दिया जिससे वो घायल हो गए। घायल अवस्था में अधेड़ को जब परिजन अस्पताल लेकर आए तो वहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष का कठोर कारावास

**बून्दी,** (निसं)। फरवरी 2023 के एक मामले में नाबालिग पीड़िता के साथ दुष्कर्म के आरोपी को पोक्सो कोर्ट क्रम संख्या 2 के न्यायाधीश ने बीस वर्ष की कठोर कारावास और एक लाख जुर्माना की सजा से दंडित किया। मामले का खुलासा उस समय हुआ था जब पीड़िता अपने माता पिता के साथ पेट दर्द की शिकायत लेकर सीएचसी नैनवां पहुंची थी, जहां कुछ समय बाद उसने एक नवजात को जन्म दिया।

विशिष्ठ लोक अभियोजक महावीर प्रसाद मेघवाल ने बताया कि उक्त मामले में सीएचसी नैनवां के चिकित्सा अधिकारी की रिपोर्ट पर नैनवां पुलिस ने मामला दर्ज किया किया था। जांच के दौरान पीड़िता ने दो संदिग्ध अभियुक्त का नाम बताया था, जिनके डीएनए जांच के बाद नवजात शिशु के डी.एन.ए. मेच होने पर अभियुक्त लोकेश उर्फ चेतराम के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया। जहां पर सुनवाई के बाद पोक्सो कोर्ट क्रम संख्या 2 के न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र ने आरोपी लोकेश उर्फ़ चेतराम पुत्र सोजीलाल मीणा को पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का दोषी मानते हुए बीस वर्ष की कठोर कारावास व 1 लाख रुपए के जुर्माने से दंडित किया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करते हुए विशिष्ठ लोक अभियोजक महावीर प्रसाद मेघवाल ने 14 गवाह और 23 दस्तावेज पेश किए।

# स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार



**गंगापुर सिटी में स्मैक के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।**

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। उदेई मोड़ थाना पुलिस ने 6.92 ग्राम स्मैक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

उदेई मोड थानाधिकारी शैलेन्द्रसिंह के नेतृत्व में एनडीपीएस एक्ट में प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित गिरफ्तार किया गया है। उदेई मोड़ थानाधिकारी शैलेन्द्रसिंह ने बताया कि वे जाब्ते के साथ थाने से रवाना होकर सैनिक नगर उदेई मोड़, सालौदा मोड़ से गश्त करते हुए एसएफएस स्कूल के पीछे रिको एरिया गंगापुर सिटी में ब्रिज के नीचे पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस को देख तेज कदमों से चलने लगा, जिस पर पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने उक्त व्यक्ति को रोक कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम जीतेश कुमार मीणा पुत्र कमलसिंह मीणा निवासी कुंजेला हाल निवासी अमनपुरा कॉलोनी सालौदा गंगापुर सिटी होना बताया। पुलिस ने जब तलाशी ली तो उसके कब्जे से 6.92 ग्राम स्मैक मिली। जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। साथ ही आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी से अवैध मादक पदार्थ स्मैक की खरीद-फरोक्त के संबंध में पूछताछ कर अनुसंधान में जुटी है।

# 5 लाख की अफीम जब्त, दो तस्कार गिरफ्तार

**चूरू,** (कासं)। रतननगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कार से पांच लाख रुपए की अफीम जब्त करके दो तस्कारों को गिरफ्तार किया है।

जिला पुलिस अधीक्षक चूरू जय यादव आईपीएस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत महानिरीक्षक सीकर रेंज सीकर के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चूरू लोकेन्द्र दादरवा व पुलिस उप अधीक्षक चूरू सुनिल झाझड़िया के निकट सुपरविजन में जयप्रकाश उनि. थानाधिकारी पुलिस थाना रतननगर मय टीम ने नाकाबंदी के दौरान चूरू से रामगढ़ की तरफ आने वाली कार में सवार रोहताश कुमार पुत्र फकीरचंद मेघवाल निवासी भट्ठू कलां पुलिस थाना भट्ठू जिला फतेहाबाद, हरियाणा और अशोक कुमार पुत्र जगाराम अरोडा निवासी रताखेडा पुलिस थाना रतिया, जिला फतेहाबाद, हरियाणा के कब्जे से दो किलोग्राम अवैध अफीम जब्त करके दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के खिलाफ धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। जब्तशुदा अफीम की अनुमानित कीमत करीब पांच लाख रुपए बताई जा रही है। मामले में अनुसंधान बलवन्त सिंह उनि थानाधिकारी पुलिस थाना सदर चूरू द्वारा किया जा रहा है।

# कब्रिस्तान पर हो रखे अतिक्रमण हटाने की मांग

**मसूदा,** (निसं)। मसूदा उपखंड क्षेत्र की पिपलाज ग्राम पंचायत के राजस्व ग्राम रूपारेल के कब्रिस्तान पर अतिक्रमण होने का हाल ही में मामला सामने आया है। इसी को लेकर पिपलाज ग्राम पंचायत सरपंच धन्नी देवी सहित ग्रामीणों ने कब्रिस्तान पर हो रखे अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर शुक्रवार को मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत को ज्ञापन सौंपा।

- **पिपलाज ग्राम पंचायत सरपंच सहित ग्रामीणों ने मसूदा विधायक को ज्ञापन सौंपा**

ज्ञापन में सरपंच एवं ग्रामीणों ने बताया कि राजस्व ग्राम रूपारेल के खसरा संख्या 1176/918 रकबा 1.2944 हैक्टेयर भूमि जो कि कब्रिस्तान हेतु राजस्व रिकॉर्ड में आरक्षित है व वर्तमान में इसी स्थान पर उपवन निर्माण एवं उद्यान विकास कार्य करवाया जाना प्रस्तावित है, लेकिन कुछ अतिक्रमियों की वजह से उक्त सार्वजनिक विकास कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है। कुछ वर्षों पूर्व सभी ग्रामीणों ने मिलकर उक्त स्थान से कंटिली झाड़ियों व विलायती बबूल को निकालकर इस सम्पूर्ण भूमि को अतिक्रमण से मुक्त किया था। साथ ही यह भी निर्णय लिया था कि कब्रिस्तान हेतु आरक्षित भूमि खसरा संख्या 1176/ 918 के साथ-साथ खसरा संख्या 1177/918 पर भी कोई भी ग्रामीण किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं करेगा तथा इस खसरे को भी शमशान व कब्रिस्तान हेतु भविष्य के लिए आरक्षित रखा जायेगा। ग्रामीणों की मंशा अनुरूप ग्राम पंचायत द्वारा कब्रिस्तान व उपवन निर्माण एवं उद्यान विकास कार्य स्वीकृत करवाया गया है, परन्तु तीन-चार परिवारों के द्वारा किये गये नाजायज अतिक्रमण के चलते कार्य शुरू करने में रूकावट आ रही है।

ग्रामीणों व ग्राम पंचायत द्वारा अतिक्रमणियों से समझाईश करने के बावजूद भी अतिक्रमण स्थल से अपने बाड़ व कांटे हटाने को तैयार नहीं है। साथ ही अतिक्रमण हटाने पर हाथ-पैर तोड़ने एवं गांव का माहौल खराब करने की धमकी तक दी जा रही है, जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। विधायक ने सरपंच एवं ग्रामीणों की मांग पर उपखण्ड अधिकारी को अतिक्रमण हटवाए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी कुलदीप सिंह शेखावत ने अतिक्रमण हटाने के लिए ग्राम पंचायत से संसाधन उपलब्ध करवाने पर अतिक्रमण हटाने की त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# मालपुरा के गांवों में आये तेज अंधड़ से कई मकान व पेड़ धराशाही

## अंधड़ में मकान गिरने से पति-पत्नि सहित पुत्रवधु गंभीर घायल

**मालपुरा,** (निसं)। शुक्रवार की शाम चली तेज हवाओं के साथ आये अंधड़ ने मालपुरा क्षेत्र में कहर बरपाते हुये बागडी, इंदोली व तिलांजू गांव में कई मकानों व पेड़ों को धराशाही कर दिया। तिलांजू गांव में अंधड़ में मकान गिरने से पति-पत्नि सहित पुत्रवधु गंभीर रूप से घायल हो गई। तीनों घायलों को जयपुर रैफर किया गया। शहर के महावीर मार्ग मे गंदगी से नाले अवरूद्ध होने के चलते मकानों व दुकानों में पानी घुस जाने से भारी नुकसान हुआ। वहीं क्षैत्र के नगर गांव सहित कई गांवों में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे।

- **क्षेत्र के नगर गांव सहित कई गांवों में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे**
- **मालपुरा शहर के महावीर मार्ग में मकानों व दुकानों में घुसा पानी**

जानकारी के अनुसार दोपहर बाद से ही बदले मौसम के मिजाज के बाद चली तेज हवाओं के साथ आये अंधड़ से मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र के बागडी गांव में कई मकानों की छत से टीनशेड उड़ गये। एक पिकअप पर गिरे टीनशेड से गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। विद्युत पोल टूटकर धराशाही हो गये। इंदोली में कई पेड़ टूटकर गिर पड़े, तो कई विद्युत पोलों से झूल रहे विद्युत तार टूटकर जमीन पर गिर पड़े।




**तीनों घायलों को एम्बूलेंस से मालपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया।**

तिलांजू गांव मे छीतर टेलर के मकान के टीनशेड अंधड़ मे उड़ गये तो रामप्रसाद बैरवा के मकान के टीनशेड उड़ने के साथ ही मकान की दीवारें भी धराशाही हो गई। लाल ईंटो की दीवारें गिरने से मकान में बैठे रामप्रसाद पुत्र माधू बैरवा, मोहनी पत्नि रामप्रसाद बैरवा व पुत्रवधु निशा पत्नि देशराज गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों पति-पत्नि के पांव पर दीवार गिरने से पांव कई जगह से फ्रैक्चर हो गये तो निशा के सिर में गंभीर चोटें आई। मकान गिरने व तीन जनों के दबने की मिली सूचना पर सरपंच हनुमान पटेल ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंच तत्काल तीनों घायलों को निकाल एम्बूलेंस की सहायता से मालपुरा के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती करवाया। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को जयपुर रैफर किया गया।

मालपुरा शहर में महावीर मार्ग व बस स्टेण्ड के नागरिकों द्वारा कई बार प्रशासन से बरसाती नालों की सफाई करवाने की मांग के बावजूद प्रशासन के कानो पर जूं तक नही रैंगी। शुक्रवार को आई बारिश से मकानों व दुकानों में पानी भर गया। महावीर मार्ग व बस स्टेण्ड की सड़कें पानी से लबालब हो गई। नाले अवरूद्ध होने के कारण पानी की निकासीं नही होने से व्यापारियों को भारी नुकसान हुआ।

# राजसमंद में तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई

## आकाशीय बिजली गिरने से एक वृद्ध की मौत हो गई

**राजसमन्द,** (निसं)। जिले में शुक्रवार को साइक्लोन के असर से अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। वहीं नाथद्वारा थाने के मोडवा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक वृद्ध की मौत भी हो गई।

- **जिले में कई जगह पेड़, टीनशेड और बिजली के पोल गिरे**

बारिश और अंधड़ से कई स्थानों पर पेड़, टीनशेड और बिजली के पोल और तार टूटकर गिर गए, जिससे कई स्थानों पर जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इससे पहले शुक्रवार दोपहर में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया और आसमान में काले बादल छाने के साथ ही धूलभरी तेज हवाओं का दौर शुरू हो गया। तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश भी शुरू हो गई। आसमान में मेघ गर्जना के साथ ही कई स्थानों पर बिजली भी गिरी। तासोल रोड पर कई जगहों पर मार्बल फैक्ट्री में लगे टीनशेड उड़ गए, तो जगह-जगह पर पेड़ बिजली के पोल और तार टूटकर गिर गए, जिससे विद्युत व्यवस्था बाधित हो गई। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने कर्मचारियों का मौके पर भेज हवा व



**राजसमन्द में अचानक बदले मौसम के कारण जिला मुख्यालय पर मूसलाधार बारीश हुई।**

अंधड़ से टूटे विद्युत तार को बांधकर विद्युत सप्लाई चालू की।

कांकरोली मुखर्जी चौराहा निवासी देवीलाल कुमावत का शिवांश नगर में स्थित बाड़े में आकाशिय बिजली गिरने से एक गाय की मौत हो गई जबकि एक गाय बेहोश हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंचे पार्षद भूरालाल कुमावत ने नगर परिषद से कर्मचारियों को मौके पर बुलाकर मृत गाय के शव को घटना स्थल से हटवाया और संबंधित पटवारी को घटना की जानकारी दी। पार्षद भूरालाल कुमावत और कॉलोनी वासियों ने प्रशासन से गाय मालिक को मुआवजा दिलाने की मांग की गई।

## संक्षिप्त

### राजस्व प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**बौंली- बामनवास,** (निसं)। सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर सभागार में शुक्रवार को जिले के सभी उपखंड अधिकारियों व राजस्व अधिकारी तहसीलदारों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर डॉक्टर खुशाल यादव ने सभी अधिकारियों को राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों को जिला कलेक्टर ने बताया कि राजस्व न्यायालय में 5 से 10 व 20 वर्षों से अधिक अवधि के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निस्तारण करें एवं भूमि रूपांतरण में लंबित प्रकरणों में स्पष्ट रिपोर्ट जिला कार्यालय में भिजवाने व उपखंड/तहसील कार्यालय पर लंबित प्रकरणों के निर्धारित समावधि 90 दिन में निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर जगदीश आर्य ने कार्मिकों के 16 व 17 सीसी प्रकरणों के जवाब जिला कलेक्टर कार्यालय में शीघ्र भेजना के निर्देश दिए। बैठक में बौंली एसडीएम विनीता स्वामी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के उपनिदेशक हेमंत सिंह, सवाई माधोपुर एसडीएम अनिल चौधरी, मलारना डूंगर एसडीएम बद्रीनारायण, खंडार एसडीएम दामोदर सिंह, सहित सभी तहसीलों के तहसीलदार व राजस्व अधिकारी उपस्थित थे।

### सात दिवस में मांगी रिपोर्ट

**मालपुरा,** (निसं)। मालपुरा शहर के गांधी पार्क स्थित पुराने अस्पताल भवन में चल रही जनता क्लिनिक मे भारी अनियमित्ता की मिली शिकायत की जांच को लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक ने खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जांच के आदेश दिये। सीएमएचओ कार्यालय से जारी आदेशों में शिकायतकर्ता द्वारा दर्शाई गई बिन्दुवार अनियमित्ताओं में चिकित्सक द्वारा रोगी को बाहर की दवा लिखने जनता क्लिनिक के नर्सिंग स्टाफ द्वारा पिडित व्यक्ति से अभद्रता करने नर्सिगकर्मी त्रिलोक चन्द द्वारा जनता क्लिनिक पर पदस्थापित होने के बावजूद बृजलाल नगर ग्राम पंचायत के वार्ड नम्बर 15 मे वार्डपंच के पद पर निर्वाचित हो एक व्यक्ति दो पद पर कार्य करने सहित अन्य शिकायते की जांच को लेकर जिला चिकित्सा अधिकारी ने खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जांच के आदेश दे सात दिवस में मांगी रिपोर्ट।

### उपडाकघर पावटा में अव्यवस्थाएं

**पावटा,** (निसं)। सरकार द्वारा आमजन को राहत पहुंचाने के लिए प्रत्येक शहर, कस्बे और गांव में डाकघर खोलकर लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर डाकघर के कार्मिकों की उदासीनता इन दिनों उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। उप डाकघर पावटा के अधिकारियों व कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा जनता को भुगतना पड रहा है। उपभोक्ताओं ने बताया कि उप डाकघर प्रशासन पावटा की लापरवाही के कारण स्पीड पोस्ट और अन्य जरूरी कागजों को एड्रेस गलत बताकर वापस भेज दिया जाता है। जिसके कारण समय पर जरूरी डाक द्वारा कागज नहीं पहुंचने व बैंक एटीएम जैसी आवश्यक वस्तुएं समय पर नहीं पहुंचने पर आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। वही मामले की जानकारी लेने पर पावटा पोस्ट ऑफिस प्रशासन गलत सूचना देकर आमजन को गुमराह करता है। ऐसे में उपभोक्ताओं में डाकघर के कार्मिकों को लेकर रोष बढ ता जा रहा है। जहाँ उपभोक्ताओं ने उच्च अधिकारियों को शिकायत लिखकर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कहीं है।

### अवैध बजरी से भरे दो ट्रेलर जप्त

**टोंक,** (निसं)। बरोनी थाना क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थानाधिकारी ओमप्रकाश द्वारा गठित दल ने दौराने गस्त चंदवासी होटल मोटूका से एक ट्रेलर तथा बरथल तिराहा एनएच 52 से एक ट्रेलर जप्त कर माईनिंग विभाग की टीम द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की गई। दोनो ट्रेलरों को थाना परिसर में खडा करके चालक व मालिक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान जारी है।

### एक घंटा विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**पीपलू,** (निसं)। 33 केवी लाइन मरम्मत कार्य हेतु पीपलू जीएसएस से निकलने वाले सभी फीडर से जुडे गांवों की विद्युत सप्लाई सुबह 7 बजे से 8 बजे तक बाधित रहेंगी। यह जानकारी कनिष्ठ अभियंता अंकित गुप्ता ने दी है।

# अलवर के कैमाला में पेयजल संकट पर ग्रामीणों ने प्रधान को दिया ज्ञापन

**अलवर,** (निसं)। उमरैण पंचायत समिति के अन्तर्गत पडने वाली ग्राम पंचायत घघोली के गांव कैमाला में पिछले बीस दिन से बूंद बूंद पानी के लिए ग्रामीण भटक रहे है। ग्रामीणों ने शुक्रवार को उमरैण के प्रधान दोलतराम जाटव को ज्ञापन देकर गांव में पेयजल व्यवस्था सुचारू करने की मांग की है।

ग्रामीणों ने प्रधान को दिये अपने

■ **पेयजल व्यवस्था सुचारू करने की मांग**

ज्ञापन में कहा है कि उनके गांव कैमाला में पिछले बीस दिनों से पेयजल संकट बढ गया है। लोगों को पीने के लिए पानी भी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। इस बारे में इसकी शिकायत कई बार ग्रामीणों ने की है लेकिन इसका समाधान नहीं हो पाया है इसलिए उन्होंने प्रधान दौलत राम जाटव को ज्ञापन देकर गांव में पेयजल व्यवस्था सुचारू करने की मांग की है।

प्रधान दोलत राम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि भाजपा के सांसद व भाजपा का प्रमुख उद्देश्य यह है कि राजस्थान में पेयजल के लिए कोई भी नागरिक नहीं भटके एवं उनकी हर समस्या का समाधान किया जाएगा। उन्होंने इस गांव में पेयजल व्यवस्था सुचारू करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दे दिए है जल्दी ही गांव की पेयजल समस्या समाप्त कर दी जाएगी। प्रधान को ज्ञापन देने वालों में बबीता, हेमा, उषा, सुनीता, सरिता, समीना राहुल, कमला, कविता, रेखा, पुष्पा, सरोज, बिरमा, मीरा, संगीता, किरण आदि शामिल रहे।



ग्रामीणों ने उमरैण के प्रधान दोलतराम जाटव को ज्ञापन देकर गांव में पेयजल व्यवस्था सुचारू करने की मांग की।

## उद्घाटन मैच लांगड़ियावास टीम ने जीता

**पावटा,** (निसं)। तुलसीपुरा में शुक्रवार को बाबा कुंदनदास की बारहवी टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य व पावटा प्रधान पूजा चौधरी, तुलसीपुरा सरपंच अर्चना देवी, पूर्व चेयरमेन सुरेश गिठाला, सामाजिक कार्यकर्ता धोलाराम गिठाला, जयराम गिठाला तुलसीपुरा पूर्व सरपंच, सरपंच प्रतिनिधि वीटी नगर अमित गजराज, ठिकरिया सरपंच प्रतिनिधि सुखलाल, मदन यादव पूर्व सरपंच लाडाकाबास के विशिष्ट आतिथ्य में हुआ। इस दौरान कुलदीप धनकड ने बताया कि जीवन में हार जीत लगी रहती है हमे उदास नहीं होना चाहिए जीत से ज्यादा हमें हार नये लक्ष्य के साथ जीना सिखाती हैं। इस कार्यक्रम में क्षेत्र की 32 टीम भाग लेंगी। कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार 51 हजार व द्वितीय पुरस्कार 21 हजार रूपये रखा गया है। वही अनिल चौधरी ने बताया कि उद्घाटन मैच लांगडियावास व कैमरिया के बीच हुआ जिसमें लांगडियावास ने जीत हासिल की।

# आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण जरूरी : डॉ. दीपकराज जैन

**निवाई,** (निसं)। राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को संभागीय सहायक निदेशक प्रोफेसर सुशीलकुमार बिस्सू एवं प्रोफेसर अतुल अग्रवाल ने औचक निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने महाविद्यालय के उत्थान हेतु महत्वपूर्ण सुझाव दिये तथा सभी संकाय सदस्यों को नवाचार के लिए प्रेरित किया।

प्राचार्य डॉ. दीपकराज जैन ने बताया कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के तत्वावधान मे पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ दीपकराज जैन ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण असंतुलित हो गया है। बढती आबादी, औद्योगीकरण, प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध इस्तेमाल से विश्व का तापमान चिंतित स्तर पर बढ रहा है। तापमान बढने के कारण ग्लेशियर पिघल रहे है और समुद्र में पानी के स्तर को बढा रहे हैं। जिसके लिए पर्यावरण प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्रीनहाउस के प्रभाव, ग्लोबल वार्मिंग, ब्लैक होल इफेक्ट आदि को कम या कंट्रोल करने के लिए पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को अधिक से अधिक पेड लगाने, कचरा नहीं फैलाने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने संबंधी पर्यावरण को हरित रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ सुमन ने बताया कि स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में लगे परिंडों में पक्षियों के लिए पानी तथा चुग्गा डाला। साथ ही छोटे पेडों के थावले बनाकर पानी भरा व खरपतवार नष्ट की। इसी प्रकार सहायक निदेशक ने राजकीय कन्या महाविद्यालय का भी निरीक्षण किया। प्राचार्य प्रोफेसर पानमल पहाडिया ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक ने संकाय सदस्य उपस्थिति रजिस्टर, सहायक कर्मचारी अधिकारी उपस्थिति रजिस्टर, विद्या संबल योजना में कार्यरत शिक्षकों की उपस्थिति पंजिका, कक्षा के अन्तर्गत अध्यापन कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर सहायक निदेशक ने महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर डॉ. प्रीति जैन, छोटूलाल मीणा, रामसहाय मीणा, सुनीलकुमार, डॉ. गोगराज चौधरी व मेघना बलसोरा सहित कई संकाय सदस्य मौजूद थे।



राजकीय महाविद्यालय में पौधारोपण किया गया।

# पति की स्मृति में मोक्षधाम में बनवाई पानी की टंकी

**फुलेरा,** (निसं)। कस्बे के बालाजी बायपास सडक निवासी लाली ढिवया ने अपने पति स्व.शंकरराम ढिवया (मिण्डा वाले) फुलेरा में रेलवे से सेवानिवृत्त लोको पायलेट की पुण्य स्मृति में वाल्मीकि समाज के मोक्षधाम परिसर पर लाखों रुपए की लागत से एक बडी पानी की टंकी का निर्माण करवाकर जनसेवार्थ भेंट की है। जिसका गुरुवार को प्रात: अशोक कुमार, भगवती प्रसाद, राजेन्द्र प्रसाद ढिव्रया की मौजूदगी में मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद गोपाल लाल लखन ने फीता काटकर उक्त टंकी का उद्घाटन किया। इस दौरान रवि ढिक्या ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद लखन ने कहा कि यहां मोक्षधाम परिसर में पानी की नितांत आवश्यकता थी। टंकी के निर्माण होने से अब पानी की समस्या से निजात मिलेगी। इसी क्रम में भगवती प्रसाद ढिव्रया ने बताया कि यहां मोक्षधाम में पानी की कोई व्यवस्था नही थी। समाज के लोग यहां अंतिम संस्कार के लिए आते थे। तो उनको पानी के लिए दूर जाना पड़ता था। अब टंकी का निर्माण करवाने के बाद यहां शीतल जल उपलब्ध होगा। इस मौके पर कस्तूर लाल तम्बोली, मदन लाल सारसर, प्यारेलाल तम्बोली, मनोहर लाल,ओमप्रकाश, राजकुमार तम्बोली, राजेन्द्र , राजेश कुमार जेदिया, कैलाश चौहान, श्याम लाल जावा, नैतिक, दिव्यांशु ढिक्या सहित अन्य मौजूद थे।

■ **'टंकी के निर्माण होने से अब पानी की समस्या से निजात मिलेगी'**



मोक्षधाम परिसर पर पानी की टंकी जनसेवार्थ भेंट की।

## बैठक में विभिन्न विभागीय शिक्षक समस्याओं पर चर्चा की

**दौसा,** (निसं)। आरपीएससी शिक्षक फोरम की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष प्रहलाद फाटक्या व जिला संयोजक कैलाश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में सरकारी विद्यालयों का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहने पर सभी शिक्षकों और संस्था प्रधानों को शुभकामनाएं संप्रेषित की गई साथ ही विभिन्न विभागीय शिक्षक समस्याओं पर चर्चा की गई।

जिला मंत्री घनश्याम चौबदार ने कहा कि सरकारी विद्यालयों की ओर छात्र-छात्राओं का रुझान और बढे इसके लिए संगठन को भी निजी विद्यालयों की तर्ज पर अपनी प्रतिभाओं को लोगों के सामने प्रस्तुत करना चाहिए। इसके लिए उन्होंने प्रस्ताव रखा कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2024 में दौसा विधानसभा क्षेत्र में सरकारी विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को फोरम सम्मानित करेगी। जिलाअध्यक्ष प्रहलाद फाटक्या सहित समस्त कार्यकारिणी ने इसका समर्थन किया। बैठक में कालूराम मालपुरिया, अभय सक्सेना, राजेश निर्बाण, विमलेश गंगावत, मुरलीधर मीणा, सतीश शर्मा,वसीम अहमद,जयसिंह गुर्जर, कमल बीगास,पंकज अग्रवाल, अनिल शर्मा, राम खिलाडी मीणा, घमंडी लाल मीणा, विनोद सिंह,जितेंद्र सांवरिया, केदार वर्मा,राजेंद्र सांवरिया, शिव शंकर गांधी,राजेंद्र गुप्ता, रामबाबू विजयवर्गीय, महेन्द्र जीरोता आदि उपस्थित थे।

■ **बोर्ड परीक्षा में सरकारी विद्यालयों का परीक्षा परिणाम सर्वश्रेष्ठ रहने पर बधाई दी**

# कोटपूतली के मुख्य मार्गों पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे में मुख्य मार्गों पर आये दिन होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग को लेकर टीम स्वच्छता सेवादल एवं कोटपूतली नगर व्यापार महासंघ द्वारा गुरूवार को जिला कलेक्टर एवं नगर परिषद आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया।

■ **कलेक्टर व आयुक्त को सौंपा ज्ञापन**

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल एवं नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने शीघ्र ही आवश्यक कटों पर स्पीड ब्रेकर लगवाने का आश्वासन दिया। प्रवीण बंसल ने बताया कि शहर की अत्यधिक घनी आबादी राष्ट्रीय राजमार्ग के पूर्व क्षेत्र में निवास करती है। समस्त व्यावसायिक गतिविधियां इसी क्षेत्र में संचालित होती हैं, समस्त सरकारी एवं निजी बैंक, सरकारी एवं निजी विद्यालय, कोचिंग सेंटर, महाविद्यालय, प्रशासनिक कार्यालय, पुलिस महकमा, समस्त न्यायिक कार्यालय एवं अन्य समस्त संस्थायें इसी क्षेत्र में संचालित हो रही हैं। इस कारण क्षेत्र में निरंतर बड़ी संख्या में आम नागरिक, कर्मचारी वर्ग, महिलाएं, बच्चे, बुजुर्ग, विद्यार्थी एवं बडी संख्या में दुपहिया व चौपहिया वाहन सडकों पर लगातार गतिमान रहते हैं। हनुमान शरण मार्ग जो की दिल्ली दरवाजा से लेकर शनि मंदिर तक, अग्रसेन तिराहा, रामभवन, सरदार स्कूल, पुलिस थाना, न्यायिक परिसर, पंचायत समिति होते हुए पूतली कट पर जाकर नेशनल हाईवे से मिलता है।

यह मार्ग शहर का सर्वाधिक व्यस्ततम मार्ग है। इस मार्ग पर शनि मंदिर से पंचायत समिति तक वाहन अनियंत्रित गति से चलते हैं। जिसके चलते पिछले दिनों शहर में सैकडों दुर्घटना हो चुकी हैं। हाल ही में कुछ दिन पहले भी एक 19 साल के युवक के पैर की हड्डी टूट गई थी। जिसका जयपुर में ईलाज चल रहा है। इसके अलावा भी अनेकों दुर्घटनायें हो चुकी है। इन मार्गो पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शनि मंदिर के पास, अग्रसेन तिराहे के पास, पुरानी नगर पालिका के पास, राम भवन के पास, सरदार स्कूल के पास, राम प्याऊ के पास एवं पुलिस थाने रोड से पंचायत समिति रोड तक तत्काल प्रभाव से स्पीड ब्रेकर बनाने की आवश्यकता है।



स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग को लेकर टीम स्वच्छता सेवादल एवं कोटपूतली नगर व्यापार महासंघ ने जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा।

## सार-समाचार

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक



**टोंक,** (निसं)। जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक अशोक कुमार बंशीवाल ने पीपीटी से जन्म-मृत्यु अधिनियम के तहत संस्थागत एवं गैर संस्थागत जन्म-मृत्यु एवं विवाह का शत-प्रतिशत पंजीयन कराने की जानकारी दी। साथ ही, पहचान पोर्टल पर डिजिटल ई साइन पेंडेंसी 30 जून तक करवाने के लिए निर्देषित किया। उपनिदेशक ने बताया कि जिले की हर ग्राम पंचायत स्तर पर ग्राम विकास अधिकारी एवं नगरीय क्षेत्र में आयुक्त, अधिशाषी अधिकारी, सीएचसी, पीएचसी रजिस्ट्रार एवं उप रजिस्ट्रार द्वारा पहचान पोर्टल के माध्यम से जन्म-मृत्यु का पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद के प्रतिनिधि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला रसद अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, आयुक्त नगर परिषद के प्रतिनिधि, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विकास अधिकारी समेत सांख्यिकी विभाग के अधिकारी एवं विभिन्न कार्मिक उपस्थित रहे।

### सांसद कॉमरेड़ अमराराम का स्वागत



**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। नवनिर्वाचित सांसद कॉमरेड अमराराम का जोरदार स्वागत किया गया। लोकसभा चुनाव जीतने पर पहली बार आए श्रीमाधोपुर विधानसभा क्षेत्र के खनीपुरा ग्राम के अपने प्रेमी गिरधारी लाल यादव के गांव आए। इस पर गांव वालों ने जोरदार स्वागत किया व जीत की बधाई दी गई। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री महादेव सिंह खंडेला, बलराम यादव, पूर्व प्रधान भागीरथ मल यादव का भी साफा व माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। इस पर गांव वालों को विश्वास दिलाया। गाँव के सैकडों कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित सांसद को माला पहनकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर नवनिर्वाचित सांसद ने किसानों मजदूरों की हित में कार्य करने का आव्हान किया व भविष्य में एकजुट होकर नए भारत के निर्माण में संपूर्ण योगदान पर चर्चा की। यादव के घर आने पर यारी दोस्ती निभाई व भोजन प्रसादी कर वापस सीकर लौट गए।दोस्त गिरधारी लाल यादव खनीपुरा अपने यारी को निभाते हुए सांसद बनने के बाद पहली बार विधानसभा श्रीमाधोपुर के ठााम खानीपुरा में साफा व माला पहनकर सम्मान किया। वहीं महिलाओं ने कॉमरेड अमराराम का गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया। इस मौके पर कामरेड राजेंद्र जाखड़, ओम प्रकाश यादव, पूरन सिंह कुडी, शंकर लाल यादव, रघु यादव, महावीर यादव, राम भजन बिजारणियां, सुभाष शर्मा हांसपुर, राजेंद्र बाजिया, कैलाश मीणा जुगलपुरा सरपंच, फूलचंद सरायवाला, कैलाश सामोता सहित सैकडों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कलेक्टर ने रात्रि चौपाल में समस्या सुनकर समाधान किया

**पावटा,** (निसं)। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल गुरुवार को विराटनगर तथा पावटा क्षेत्र में स्थित विभिन्न सरकारी संस्थाओं का सघन निरीक्षण किया तथा पावटा उपखंड की ग्राम पंचायत टसकोला में रात्रि चौपाल लगाई तथा आम जनता की समस्या को सुनकर समाधान किया गया। कलेक्टर ने विराटनगर थाना, पंचायत समिति पावटा में निर्माणाधीन कॉलेज, टसकोला ग्राम पंचायत की गौशाला का भी निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को पुलिस थाना विराटनगर का निरीक्षण किया एवं गार्ड ऑफ ऑनर लेकर थाने के बारे में विस्तृत जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने थाने में बनाए गए स्वागत कक्ष का निरीक्षण किया। उन्होंने थानो में पुरुष बन्दी गृह, महिला बंदी गृह मालखाना एवं पुलिस बैरकों का निरीक्षण कर बुनियादी सुविधाओं की पडताल की। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने गुरुवार को पावटा उपखंड की टस्कोला पंचायत में रात्रि चौपाल आयोजित कर आम ग्रामीणों के परिवाद सुने और अधिकारियों को समस्याओं का समाधान करने के लिए मौके पर ही निर्देश दिए। जनसुनवाई में पानी, बिजली आपूर्ति, साफ-सफाई, मनरेगा में जॉब कार्ड बनाने, अतिक्रमण हटाने सहित विभिन्न विभागों से जुडे 13 प्रकरण प्राप्त किए गए। इनमें से 6 प्रकरणों को मौके पर ही निस्तारित करवाते हुए अन्य प्रकरणों को संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर निस्तारण होने की समयबद्ध सूचना परिवादी को देने के निर्देश दिए गए। इस दौरान विराट नगर तथा पावटा के उपखंड अधिकारी तहसीलदार तथा विकास अधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान नर्सरी विकसित करने को कहा

**दौसा,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा प्रशासन को दिए निर्देशानुसार जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने उपखंड रामगढ पचवारा में विभिन्न जगह औचक निरीक्षण किये। जिनमें राहुवास में सर्कुलेशन वाटर शेड टेंट, नयावास में चरागाह, कल्लावास में बीएफयू, आरओ प्लांट, जेजेएम के तहत प्रगतिरत कार्यो गांगल्यावास में नरेगा कार्य व जीएसएस 33 केवी तथा उप जिला अस्पताल रामगढ पचवारा एवं एसडीएम और तहसील कार्यालय का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने राहुवास में पर्कुलेशन वाटरशेड टेंट का निरीक्षण करते हुए मानसून में अधिकाधिक वृक्षारोपण करने एवं एमजेएसएस योजना के तहत चल रहे कार्यो को मानसून पूर्व पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नयावास में चारागाह भूमि का निरीक्षण करते हुए नर्सरी विकसित करने को कहा जिससे ग्राम पंचायत की निजी आय में भी वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान प्रति ग्राम पंचायत एक हजार से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य रखें। वहीं जिला कलक्टर ने कल्लावास में बीएफयू आरओ प्लांट एवं जल जीवन मिशन के तहत प्रगतिरत कायों का निरीक्षण करते हुए उपस्थित लोगों से फीडबैक लेकर पानी की गुणवत्ता जांचने, अवैध नल कनेक्शन हटाने एवं खराब पडे हेडपंपों को तत्काल दुरुस्त करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने गांगल्यावास में जीएसएस 33 केवी एवं नरेगा कार्यो का निरीक्षण करते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों को अत्यावश्यक स्थिति में ही बिजली कटौती करने के निर्देश दिए। वहीं उन्होंने मनरेगा साइट पर गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए कार्यस्थल पर छायाए पानी एवं प्राथमिक उपचार की दवाओं के किट की उपलब्धता सुनिश्चित रखने को कहा। जिला कलक्टर देवेन्द्र कुमार ने उप जिला अस्पताल रामगढ पचवारा का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि संस्थानिक डिलीवरी को बढ ावा दिया जाए एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत सुविधाओं में भी वृद्धि की जाए। इस दौरान उन्होंने केंद्र में ओपीडीए आईपीडी व कार्मिक उपस्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए उपस्थित रजिस्टर का अवलोकन किया। जिला कलेक्टर ने एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का अवलोकन करते हुए लंबित पैमाइश, पत्थरगढी एवं रास्तों के अतिक्रमण हटाने संबंधित प्रकरणों के त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में ई.फाइल प्रणाली को शत.प्रतिशत लागू करें एवं कोर्ट में जनहित प्रकरणों की लगातार सुनवाई करते हुए निस्तारण करवाएं। निरीक्षण के दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद धारा सिंह मीना, उपखंड अधिकारी वर्षा मीणा,विकास अधिकारी अभिषेक मीणा, तहसीलदार मदनलाल मीणा, कल्लावास संरपच मिश्रीलाल महावर, गांगल्यावास संरपच मीरा देवी, नयावास संरपच सुरमा देवी, जलदाय एवं बिजली विभाग के सहायक अभियंता सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त

### शैलेश का नीट में 5138 रैंक पर चयन



शैलेश सिंह

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** नीट परीक्षा में शैलेश सिंह बिजारणिया ने प्रथम प्रयास में ही कक्षा 12 के साथ 690 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 5138 पर चयन हुआ। कस्बे के वार्ड नंबर 6 फूल सिंह बिजारणिया के पुत्र व मालीराम बिजारणिया के पोत्र हैं। पिता वर्तमान में भारणी प्रधानाचार्य के पद पर हैं व माता गहणी है। बहिन भी वर्तमान में कल्याण मेडिकल कॉलेज सीकर में 4 ईयर की स्टूडेंट है। शैलेश ने बताया कि पहली कडी मेहनत में ही मैंने सफलता हासिल की है। इनका श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को जाता है।

### फुलेरा जंक्शन पर जलसेवा जारी

**फुलेरा, (निसं)।** फुलेरा जंक्शन प्लेटफार्म नम्बर 1 पर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत की सेवादार द्वारा पिछले कई दिनों से इस भीषण गर्मी की भरी दोपहर में भी आरो के ठण्डे पानी की व्यवस्था कर रेल यात्रीयों को ठण्डा पानी पिलाया जा रहा है। इसको लेकर दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत फुलेरा अध्यक्ष अशोक वासुदेव ने बताया कि प्लेटफार्म नम्बर एक पर कई बार अनुरोध करने के बाद भी प्रशासन द्वारा टीन शेड की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इस भीषण गर्मी तथा 45 डिग्री तापक्रम को भी नजर अन्दाज करते हुए और चुनौती को स्वीकार करते हुए जल सेवा करने का जज्बा मन में लिए हुए सेवा कार्य कर रहे है। उक्त जल सेवा में मुख्य रूप से शिक्षाविद् शक्ति सिंह स्काउट लीडर ललित सोनी, प्रेम प्रकाश सैन, सुरेश कुमार सैनी, प्रेम चन्द कुमावत, जितेन्द्र जादौन सहित स्काउट के बच्चे शामिल रहे।

### अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र की मित्रपुरा पुलिस ने 3 जून को दर्ज एक नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपी राहुल महावर को गिरफ्तार कर पोक्सो न्यायालय में पेश किया जहां न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। मित्रपुरा थाना प्रभारी यशपाल सिंह ने बताया की नाबालिग पीडिता के पिता ने आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नाबालिग को उसी दिन 3 जून को ही दस्तयाब कर लिया। नाबालिग ने पूछताछ में दुष्कर्म करने की जानकारी दी। इस पर मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश के निर्देशन में गठित टीम द्वारा अनुसंधान किया गया। जांच में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया। मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपी राहुल महावर उम्र 19 वर्ष निवासी मित्रपुरा को गुरुवार को बोरदा स्कूल के पास से गिरफ्तार कर लिया गया एवं शुक्रवार को आरोपी को सवाई माधोपुर पोक्सो न्यायालय में पेश किया गया जहां न्यायालय ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।

### बनवारी विकास समिति के अध्यक्ष

**मालपुरा, (निसं)।** महर्षि बालीनाथ बैरवा समाज छात्रावास संचालन समिति के शुक्रवार को हुये चुनाव में बनवारी लाल बैरवा को सर्वसम्मति से विकास समिति का अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान रामफूल बैरवा को सचिव व गणेश बैरवा को कोषाध्यक्ष बनाया गया। नवीन पदाधिकारियों का समाज बंधुओं ने माला व साफा पहना स्वागत करते हुये समाज व छात्रावास के विकास व उत्थान में पूर्ण सहयोग देने का विश्वास दिलाया। इसी क्रम में राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर शाखा मालपुरा तहसील कार्यकारिणी की हुई बैठक में संगठन की कार्यकारिणी मे नवीन पदाधिकारियो के चयन को लेकर एकराय बना संगठन मे तहसील कार्यकारिणी अध्यक्ष पद पर रणजीत सिंह को मनोनीत किया गया। चुनाव अधिकारी रतनलाल व चुनाव पर्यवेक्षक छोटू लाल की निगरानी मे सम्पन्न हुई चुनाव प्रक्रिया मे रणजीत सिंह को अध्यक्ष मनोनीत करने के साथ ही निर्मल कुमार को सभाध्यक्ष, उपाध्यक्ष नन्दकिशोर, मंत्री बजरंगलाल, कोषाध्यक्ष लालचन्द व महिला मंत्री पद पर शिमला बैरवा को मनोनीत किया।

# कर्जा चुकाने के लिए मुनीम ने ही रची लूट की साजिश

■ पुलिस ने 12 घंटे में किया खुलासा, लूट की राशि बरामद

**टोंक/निवाई, (निसं)।** पीपलू उपखण्ड के झिराना थाना पुलिस ने बडी कार्रवाई को अंजाम देते हुए करीब 14 लाख रुपए की लूट की झूठी कहानी गढने के आरोपी मुनीम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से लूट की रकम भी बरामद की है।

जानकारी अनुसार कर्ज को चुकाने के लिए रूपयों की जरूरत होने के चलते आरोपी मुनीम ने ही लूट की झूठी कहानी रची और फिर पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ में जुटी है। पीपलू पुलिस उपाधीक्षक देशराज कुलदीप ने बताया कि गुरुवार शाम को इतला मिली थी की बोरखंडीकलां से अहमदगंज के कच्चे रास्ते के यहां पीपलू के व्यापारी खेमराज स्वर्णकार के मुनीम रामराज गुर्जर निवासी संदेडा से लूट की वारदात हो गई। घटना की सूचना पर झिराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा मुनीम को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उसका प्राथमिक उपचार करवाया। इसके बाद मुनीम के होश में आने पर उसने पुलिस को पूछताछ में बताया कि अज्ञात लोगों ने बाइक से उसे नीचे गिराते हुए कनपट्टी पर बंदूक तानकर, मारपीट करते हुए 13 लाख 69 हजार 310 रुपए से भरा बैग लेकर फरार हो गए। पीडित खेमराज स्वर्णकार ने झिराना थाना पहुंचकर लूट का मामला दर्ज करवाया।



पुलिस ने आरोपी से 13 लाख 69 हजार 310 रूपए की लूट की राशी बरामद की।

मुनीम रामराज गुर्जर द्वारा लूट की वारदात की बताई कहानी, नाटकीय अंदाज में बेहोशी के हालात से शक की सुई पुलिस की उसी पर रही। झिराना थानाधिकारी राजेश गुर्जर सहित गठित पुलिस टीम सारे एंगल से इस मामले की जांच पडताल में जुट गई। मुनीम को घटना स्थल पर ले जाकर सीन रिक्रिएट किया। बार-बार उससे घटना को लेकर जानकारी ली तो उसके बयानों में बदलाव आने लगा। जिस तरह घटना बताता उसके बाद पुलिस के क्रॉस सवालों पर वह बगलें झांकने लगता। पुलिस ने मोबाइल कॉल डिटेल खंगाली। शक गहराने पर उससे गुरुवार को रातभर व शुक्रवार सुबह पुलिस ने कडाई से पूछताछ की तो उसने सच उगल दिया साथ ही उसने खुद ही लूट की झूठी कहानी गढने और 13 लाख 69 हजार 310 रूपए अपने किसी परिचित के घर रखे जाने की बात स्वीकार की। पुलिस मुनीम के बताए अनुसार परिचित से बात की तो जानकारी मिली पैसों से भरा बैग मुनीम का भाई अपने घर ले गया। निशानदेही पर पुलिस ने पूरे रूपए बरामद कर लिए हैं। आरोपी 6 माह पहले तथा वर्तमान में करीब डेढ महीने से ही व्यापारी के यहां मुनीम का काम कर रहा था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि उसके कर्जा है तथा उसको चुकाने के लिए पैसे की जरूरत होने पर उसने लूट की झूठी कहानी गढी थी।

पीपलू पुलिस उपअधीक्षक देशराज कुलदीप ने बताया कि इस लूट में और कौन लोग शामिल है की भी जांच पडताल की जा रही हैं। आरोपी मुनीम से पैसों भरा बैग ले जाने वाले बहनोई, बहनोई से बैग को ले जाने वाले भाई सहित जो भी उस दौरान मोबाइल कॉल डिटेल्स के आधार पर सामने आ रहा है उनसे भी पूछताछ की जा रही है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### नये कैमरे लगाने की मांग

**शाहपुरा, (निसं)।** भाजपा प्रत्याशी शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र उपेन यादव ने अपराधिक घटनाओं की रोकथाम हेतु शाहपुरा सिटी में बंद पडे कैमरों को सुधरवाने एवं नए कैमरे लगाने को लेकर शाहपुरा एसडीएम और नगरपालिका ईओ के साथ मीटिंग की। मीटिंग में निर्णय हुआ कि जिस फर्म को कैमरे सुधार हेतु टेंडर दिया गया था उसको ब्लैक लिस्ट किया जाएगा और अगले वीक में कैमरों के सुधार हेतु नए सिरे से प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नए कैमरों के लिए एसडीएम एक कमेटी का गठन करेंगे जो कमेटी सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक जगह पर नए कैमरे लगाने की चिन्हित करने का काम करेगी और उसके बाद शाहपुरा सिटी में 100 से ज्यादा जगहों पर कैमरे लगाए जाएंगे। इसके अलावा क्षेत्र में पेयजलापूर्ति सुचारू करने को लेकर भी चर्चा हुई।

# संस्कृत विद्यालयों के रिक्त पद भरने की मांग

■ विभागीय शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री एवं मुख्य सचिव को लिखा पत्र

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ ने राज्य के मुख्यमंत्री, संस्कृत शिक्षामंत्री एवं मुख्य सचिव को पत्र लिखकर प्रदेशभर के संस्कृत विद्यालयों में लम्बे समय से चले आ रहे रिक्त पदों को समानीकरण,पदोन्नित एवं नयी भर्ती से भरने की मांग की है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक तिवाडी मऊ ने बताया कि प्रदेश के अधिकतर संस्कृत विद्यालयों में रिक्त पदों के चलते लगातार नामांकन में गिरावट आ रही है। 2017 के बाद पदों का समानीकरण नहीं होने से छात्र शिक्षक अनुपात गडबडा रहा है। बहुत से विद्यालयों में सम्मानजनक नामांकन होने के बावजूद पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं तो वहीं दूसरी ओर नामांकन नगण्य होने के बाद भी शिक्षक लगे हुए हैं तथा एक एक पद पर दो या दो से अधिक शिक्षक हैं जिनका छात्र एवं विद्यालय हित मे किसी भी प्रकार से सदुपयोग नहीं हो रहा है। क्रमोन्नत हुए विद्यालयों के साथ ही बहुत से विद्यालयों में नियमानुसार पद आवंटित नहीं है। यही नहीं प्रदेश भर में सैकडों विद्यालय शिक्षक विहीन तथा सवा दौ सौ से भी अधिक विद्यालय मात्र एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। अन्य विद्यालय भी रिक्त पदों का दंश झेल रहे हैं जो गम्भीर एवं चिंतनीय विषय है। यह यक्ष प्रश्न है कि ऐसी विकट परिस्थितियों में लगातार गिरते नामांकन के कारण संस्कृत विद्यालयों को टूटने से बचना कैसे सम्भव हो सकेगा।

प्रदेश महामंत्री दयाल सिंह काजला ने बताया कि पत्र के माध्यम से यह मांग की गई है कि सबसे पहले नामांकन के अनुसार पदों का समानीकरण हो फिर अधिशेष शिक्षकों को काउंसलिंग द्वारा अन्य विद्यालयों में लगाया जावे इसके बाद जो रिक्त पद रहें उनकी शत प्रतिशत पूर्ति पदोन्नित एवं नई भर्ती द्वारा की जावे। पत्र की प्रति शासन सचिव संस्कृत शिक्षा एवं आयुक्त संस्कृत शिक्षा जयपुर को भी भेजी गई हैं।

### पाटोत्सव, प्रतिभा सम्मान आज

**चाकसू, (निसं)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आठ जून शनिवार को कोर्ट का मोहल्ला चाकसू श्री बिहारी जी के मंदिर में सनाढ्य ब्राह्मण समाज का पाटोत्सव, अभिषेक व प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम में भगवान का अभिषेक व प्रतिभावान विद्यार्थी जिन्होने कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये है उन विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में सनाढ्य ब्राह्मण समाज बंधु मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में समाज को नई गति व दिशा देने को लेकर विस्तार से समाज बंधुओं से चर्चा होगी। कार्यक्रम के समापन के बाद और भगवान की आरती के पश्चात सामूहिक प्रसादी वितरित की जाएगी।

# साइकिल पाकर बालिकाओं के चेहरे पर आई मुस्कान

■ निःशुल्क साइकिल वितरण समारोह आयोजित

**पावटा, (निसं)।** निकटवर्ती राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भांकरी में शुक्रवार को विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य व प्रधानाचार्य शेर सिंह की अध्यक्षता एवं भास्कर गणेश, समाज सेवी मुखराम धनकड, पूर्व सरपंच हेमंत धनकड के विशिष्ट आतिथ्य में साईकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान 87 साइकिलों का वितरण किया गया।



साइकिल वितरण कार्यक्रम के दौरान 87छात्राओं को साइकिलों का वितरण किया गया।

वही कक्षा 9वीं की छात्राओं को सत्र 2022-23 की 46 व सत्र 2023-24 की कुल 41 छात्राओं को निशुल्क साईकिलों का वितरण किया गया। वितरण करते हुए प्रधानाचार्या शेर सिंह ने बताया कि सरकार के द्वारा राजकीय विद्यालय में कक्षा 9 में अध्यनरत बालिकाओं को नि:शुल्क साइकिलें वितरण की जाती है। विद्यालय में सत्र 2022-23 व 2023 -24 में 87 बालिकाओं को साइकिलों का वितरण किया गया। वही विधायक कुलदीप धनकड ने ग्रामीणों से अपील की है कि बालिकाओं को एवं बालकों को राजकीय विद्यालय में अध्ययन करवाकर सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें वही दूर दराज से आने वाली बालिकाओं को इस योजना से लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों सहित विद्यालय परिवार मुरारीलाल शर्मा, सुल्तान टोकस मौजूद रहे।

### माईनिंग व रसद विभाग के अधिकारियों को नोटिस जारी

■ विधायक ने बिजली-पानी के पुख्ता प्रबंध करने के दिये निर्देश

**पावटा, (निसं)।** पावटा पंचायत समिति सभागार में शुक्रवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के मुख्य आतिथ्य व उपखंड अधिकारी कपिल उपाध्याय की अध्यक्षता मे ब्लॉक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की समीक्षा बैठक में कहा कि गर्मी के मौसम मे विशेष प्रयास कर आपसी समन्वय एवं तालमेल के साथ पर्याप्त पेयजल एवं बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

इसमें किसी प्रकार की कोताही एवं तालमेल की कमी को बर्दाश्त नही किया जाएगा। उन्होंने जलदाय विभाग एवं विद्युत विभाग अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे टीम भावना से कार्य करते हुए जलापूर्ति को गंभीरता से लेते हुए निरंतर मॉनिटरिंग करें। पानी-बिजली की समस्या के लिए लापरवाह कार्मिकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। जलदाय विभाग के अधिकारियों को सतत मॉनिटरिंग के साथ ही अपर्याप्त जलापूर्ति वाले स्थानों पर टैंकरों के माध्यम से जलापूर्ति व टैंकर बढाने के निर्देश भी दिए। कारौली गांव मे पानी की समस्या को लेकर तत्काल पानी की सुविधा के लिए आदेश जारी किये। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को अस्पताल की साफ - सफाई, मौसमी बीमारियों की रोकथाम एवं मरीजों के लिए पर्याप्त कूलर व पंखों की व्यवस्था करने को निर्देशित किया। कृषि विभाग अधिकारी को फसल में लगने वाली मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए कृषकों में जागरूकता लाने की बात कही। नगरपालिका ईओ को बरसात में नगरवासियों को जलभराव और नाले व नाली चोक होने की वजह से परेशानी न झेलनी इसके लिए बरसात से पहले नाले व नालियों की सफाई करने के साथ ही नियमित रूप से सफाई की मॉनीटिरिंग करने का निर्देश दिया है। वही माईनिंग व रशद विभाग के अधिकारियों को बैठक में नही आने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया। इस दौरान बैठक में जनप्रतिनिधि व ब्लॉक अधिकारी मौजूद रहे।

# हाईवे पर कचरा फेंकने व अवैध कट खोलने वालों पर कानूनी कार्रवाई करें : कलेक्टर

■ ब्लैक स्पॉट मार्गों पर साइन बोर्ड लगाने, हाईवे पर वृक्षारोपण करने एवं दुर्घटना की सूचना पर तुरंत एम्बुलेंस भेजने आदि पर दिशा निर्देश दिए

**खैरथल, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने अधिकारियों को हाईवे पर कचरा फेंकने एवं अवैध कटों को बंद करने के बाद फिर से खोल देने वालों पर कडी कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

बैठक में कलेक्टर शुक्ला ने सडक सुरक्षा के संबंध में संबंधित विभागों द्वारा उठाए गए कदमों की समीक्षा की और कहा कि समन्वित प्रयास यह रहे कि जिले की सडकें दुर्घटना मुक्त होवे। दुर्घटना की स्थिति में जीवन बचाना प्राथमिकता रहे। सुगम यातायात एवं दुर्घटना संभावित कारणों के लिए गठित समिति की रिपोर्ट की समीक्षा कर कलेक्टर अधिकारियों को यह निर्देश दिए हैं।

रिडकोर के अधिकारियों ने जिला कलेक्टर को बताया कि एसएच 25 पर 76 अवैध कट है जिनमें से 56 अवैध कट बंद करा दिये गए है। लेकिन असामाजिक तत्वों द्वारा उन्हें वापस से खोल दिया जाता है। इस पर जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए की एसएच 25 पर अवैध कटों को बन्द करावे व अवैध कट बन्द करने के उपरान्त भी यदि किसी ने उन्हें पुन: खोले तो संबंधित के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही अमल में लाए।



जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति के अधिकारियों की बैठक कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने ली।

उन्होंने तिजारा, टपूकडा एवं किशनगढबास एसडीएम को अपने क्षेत्र में आने वाले एसएच 25 के आसपास गांव द्वारा हाईवे पर डाले जाने वाले कचरे के संबंध में नगर पालिका एवं पंचायती राज विभाग के साथ बैठक कर प्रभावी कार्य योजना बनाकर ऐसा करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देश दिये कि ब्लैक स्पॉट मार्गो पर अधिक साइन बोर्ड लगाकर यात्रियों को सजग करें ताकि ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। उन्होंने रिडकोर के अधिकारियों को डिवाइड के मध्य में वृक्षारोपण करने के निर्देश भी दिए।कलक्टर ने खैरथल-तिजारा एवं भिवाड़ी पुलिस अधिकारियों, पीडब्ल्यूडी अधिकारी एवं चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि दुर्घटना की सूचना आईआरएडीबी (इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस) पर दर्ज करवाना सुनिश्चित कराये।

उन्होंने डीटीओ सहित संबंधित अधिकारियों को शहर की यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्देश दिये। उन्होंने डीसीएमएचओ को निर्देश दिये कि दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाने एवं मरीज के इलाज के लिए सभी ट्रोमा प्रभारियों को पाबंद करें। उन्होंने निर्देश दिये कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस यथाशीघ्र दुर्घटना स्थल पर पहुंचे जिससे घायल व्यक्ति को मौके पर चिकित्सकीय सुविधा मिल सके। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव, एसएचओ किशनगढ़ बास जितेंद्र, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता बाबूलाल माली सहित आरएसआरडीसी, रिडकोर एंव संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सार-समाचार

### प्रतिभाओं को सम्मानित किया



**निवाई, (निसं)।** आराधना सीनियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में गुरूवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कक्षा 10वीं व 12वीं के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र व स्मृति-चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय निदेशक कैलाशचंद शर्मा ने कहा कि शिक्षा से ही मनुष्य की पहचान होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा से ही हर क्षैत्र में विकास संभव है बिना शिक्षा के इंसान अधुरा रहता है। इसलिए शिक्षा प्राप्त करना ही अपना उद्वेष्य व लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि अपने उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए अभी से ही लक्ष्य निर्धारित करें। उच्च स्तरीय शिक्षा प्राप्त करके अपने माता-पिता एवं गुरूजनों का नाम रोशन करें। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सविता शर्मा, प्रधानाचार्य शिल्पी शर्मा, प्रभारी अब्दुल गनी, रमेशचंद निराला, रेखा शर्मा, चेतना विजय, रेणू कुमावत व आशा जैन सहित कई शिक्षक व अभिभावक मौजूद थे।

### तीन विद्यार्थी इंस्पायर्ड अवार्ड में चयनित





**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक श्रीमाधोपुर के 12वीं विज्ञान वर्ग में मा.शिक्षा बोर्ड में उच्च अंक प्राप्त करने वाले 3 विद्यार्थियों का राष्ट्रीय इंस्पायर्ड अवार्ड के लिए चयन हुआ है। प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान द्वारा चयनित प्रत्येक विद्यार्थी को स्नातक एवं स्नातकोत्तर उच्च शिक्षा के दौरान पांच वर्ष तक प्रत्येक विद्यार्थी को प्रतिवर्ष 80 हजार रुपए मिलेंगे। विद्यालय में पिछले लगातार 4 वर्षों से इस छात्रवृत्ति के लिए चयन हो रहा है, जो अपने आप में एक बडी उपलब्धि है। इस सत्र में कक्षा 12 विज्ञान वर्ग में टीना सैनी पुत्री गुगन सैनी, आयुष गर्ग पुत्र मातादीन गर्ग तथा गुंजन कुमावत पुत्री सुभाष कुमावत का इस छात्रवृत्ति के लिए चयन होने पर ग्रामवासियों, अभिभावकों व विद्यालय परिवार ने चयनित विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की है। विद्यालय में राज्य सरकार के द्वारा जारी लैपटॉप सूची में 24 विद्यार्थियों का लैपटॉप-टैबलेट के लिए चयन हुआ है।

### पशु चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने व चोरों को पकड़ने की मांग

**शाहपुरा, (निसं)।** शाहपुरा क्षेत्र के स्वामीपुरा व देवन गांव में हुई बकरी चोरी की घटना को लेकर भाजपा नेता उपेन यादव ने दोनों गांव में जाकर पीडित परिवार से मिले और घटना की जानकारी लेकर उन्हें ढाढस बंधाया। उपेन यादव ने पीडित परिवारों से कहा कि उन्हें न्याय दिलवाने के लिए से कृतसंकल्प है और उन्हे न्याय दिलवा कर रहेंगे। उपेन यादव ने क्षेत्र में बढ रही पशु चोरी की घटनाओं को लेकर नाराजगी जताई और पुलिस अधिकारियों से चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने की बात कही। उपेन ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में गरीब परिवार पशु पालन कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है। उनके पशु चोरी हो जाने से उनके सामने आर्थिक संकट खडा हो गया है। उपेन ने जल्द से जल्द मामले का खुलासा कर चोरों को पकडने की बात कही। इस पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले के खुलासे के लिए पुलिस मुस्तैद है। चोरों को पकडने के लिए अलग अलग टीम बनाकर विभिन्न स्थानों पर भेजी गई है। शीघ्र ही चोरों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। उपेन यादव ने कहा कि मामले में किसी कर्मचारी द्वारा लापरवाही पाई जाती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

### हादसों को न्योता देता अलवर सिकंदरा मेगा हाईवे

**अलवर, (निसं)।** अलवर-सिकंदरा मेघा हाईवे पर स्थित मालाखेडा बाईपास पर हाईवे के दोनों तरफ दुकानदार, बिल्डर्स एवं पाईप विक्रेताओं द्वारा अतिक्रमण कर सडक की चौडाई को आधा कर दिया है। इसके कारण इस हाईवें पर लगातार सडक हादसें हो रहे है। जिम्मेदार मेगा हाईवे बनाने वाली रिडकौर प्राईवेट लिमिटेड कंपनी के अधिकारी इस और आंखे मूंदे हुए है। जानकारी के अनुसार अलवर-सिकन्दरा हाईवे का निर्माण पीडब्लूडी द्वारा किया गया और इसकी देखरेख का जिम्मा रिडकोर प्राईवेट लिमिटेड कंपनी को सौंप दिया। नियमानुसार यह कंपनी इस रोड की देखरेख करेगी और इस पर लगने वाले टोल की वसूली करती है लेकिन कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी इस हाईवें की उचित देखभाल नहीं कर पा रहे है क्योंकि मालाखेडा बाईपास पर हाईवे के दोनों तरफ आकाश पाईप, राजा पाईप, लक्ष्मी पाईप फैक्ट्री, बिल्डर्स द्वारा रोडी-बजरी एवं दुकानदारों द्वारा त्रिपाल लगा कर हाईवें के दोनो तरफ अतिक्रमण कर लिया है जिससे यहा इस हाईवें पर आए दिन सडक हादसे होने लगे है लोगों ने अब इस रोड को दुर्घटना ग्रस्त रोड भी कहना शुरू कर दिया है। इस बारे में जब रिडकोर कंपनी के अधिकारियों से बात की तो उन्होंने अतिक्रमण नहीं होने का दावा किया जबकि हकीकत कुछ और ही है। लोगों का कहना है कि कंपनी के कुछ कर्मचारी इन अतिक्रमण कर्ताओं से मिले हुए है।

### प्रतिभाओं का सम्मान किया

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम इरोलाव की स्थानीय सरपंच शान्ति देवी ने शुक्रवार को प्रात: 10 बजे जनप्रतिनिधि व ग्रामवासियों के साथ मिलकर एवं उनके घर पहुंचकर क्षेत्र की प्रतिभा आदित्य कुमावत पुत्र शंकर लाल कुमावत व पौत्र लालचन्द सरसवा को माला-साफा पहनाकर सम्मानित किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए पूर्व सरपंच राजेन्द्र कुमावत ने बताया कि ग्राम इरोलाव के बेटे आदित्य कुमावत ने नीट परीक्षा 2024 में 720 में से 705 अंको के साथ एआईआर 1180 प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साथ ही विजेन्द्र कुमावत पुत्र अमरचन्द, पौत्र कानराम ने कक्षा 10 वीं में 97.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र सहित अपने माता-पिता व गुरुजनों का नाम रोशन किया है। इसके चलते उन्हें माला पहनाकर व मुंह मीठा करवाकर सम्मानित किया साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना भी की है। इस अवसर पर गजानन देवन्दा, राजेन्द्र कुमावत, वार्ड पंच सुनीता देवी कुमावत, संजू वर्मा, पूर्व वार्ड पंच व समाजसेवी मनोज देवन्दा, ओमप्रकाश कुमावत, मोहन सरस्वा, वार्ड पंच प्रतिनिधि सुरेश सिंघाटिया, रामेश्वर लाल, पुनीत कुमावत, रामरतन यादव, भैरूराम, दुलीचन्द, संदीप बुगालिया, हेमराज सैनी, हरिशंकर कुमावत, युवा नेता रमेश घोडेला, पेन्टर सोहन लाल, भगवान सहाय वर्मा शंकर लाल कुमावत, सन्तोष देवी, लालचन्द सरसवा, नानची देवी सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

### युवक ने पंखे से झूल आत्महत्या की

**निवाइ, (निसं)।** शहर के वार्ड नंबर 12 में एक 28 वर्षीय युवक ने पंखे पर रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। थानाधिकारी हरिराम वर्मा बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब 10:30 बजे शहर के वार्ड नंबर 12 में एक युवक द्वारा आत्महत्या कर लेने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। युवक द्वारा आत्महत्या करने के दौरान परिजनों को उक्त घटना की जानकारी होने पर युवक को घायल अवस्था में आनन-फानन में फंदे से उतारकर उसे तुरंत ही राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थानाधिकारी हरिराम ने बताया कि मृतक कमलजीत पुत्र ओमप्रकाश रैगर उम्र 28 वर्ष की पत्नी अपने पीहर गई हुई थी। मृतक की पत्नी व उसके पिता के अस्पताल पहुंचने के बाद पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव का पोस्टमार्टम करवाया और परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की 6 माह पूर्व ही शादी हुई थी।



हमारी तैयारी अच्छी थी लेकिन मैच में हम रणनीति पर अमल नहीं कर सके। मैं निराश हूं। हमने तीनों विभागों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। बीच के ओवरों में स्पिनरों को विकेट नहीं मिलने से हम पर दबाव बना।

- बाबर आजम

पाकिस्तानी कप्तान, अमेरिका से मिली हार पर कहा।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** सौरव नेत्रावलकर



ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक जीत के दौरान अमेरिका के लिए भारतीय मूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अमेरिकी टीम के तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रावलकर ने सुपर ओवर में 18 रनों का सफलता पूर्वक बचाव किया तो उससे पहले उन्होंने पाकिस्ताव की बल्लेबाजी के दौरान 4 ओवर के अपने कोटे में 18 रन देते हुए 2 विकेट हासिल किए। सौरभ के इस प्रदर्शन के बाद उनकी कंपनी जिसमें वो बतौर इंजीनियर काम करते हैं, उन्होंने भी अमेरिकी टीम के जांबाजों को बधाई दी है।

**क्या आप जानते हैं ?...** क्रिस्टीन ओटरो ऐसी पहली महिला खिलाड़ी है जिसने एक ही ओलंपिक में 6 स्वर्ण पदक जीते। उसने सियोल ओलंपिक (1986) में तैराकी में यह रिकॉर्ड बनाया।

# अमेरिका ने किया उलटफेर, पाक को सुपर ओवर में हराया

## पाक का कमजोर क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी रहा हार का कारण




डलास, 7 जून। अमेरिका की टीम ने टी-20 विश्वकप में बड़ा उलटफेर करते हुए ग्रुप ए के रोमांचक मुकाबले में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को सुपर ओवर में पांच रन से जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया है। अमेरिका ने बल्लेबाजों ने सुपरओवर में पाकिस्तान की खराब गेंदबाजी और कमजोर क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए हुए 18 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम छह गेंद पर 13 रन ही बना सकी। अमेरिका की टीम के कप्तान मोनांक पटेल को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया। इस के साथ ही अमेरिका की टीम ग्रुप-ए में दो जीत दर्जकर और चार अंक के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है और पाकिस्तान पर तो टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा भी मंडराने लगा है।

अमेरिका के बल्लेबाजों ने 160 के लक्ष्य का पीछा करते हुए हुए सधी हुई धीमी शुरुआत की। अमेरिका को पहला झटका छठें ओवर में स्टीवन टेलर (12) के रूप में लगा। उसके बाद ऐंड्रियस गौस ने कप्तान मोनांक पटेल के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 68 रनों की साझेदारी हुई। 14वें ओवर में हारिस रउफ ऐंड्रियस गौस को बोल्ड कर पाकिस्तान को दूसरी सफलता दिलाई। गौस ने 26 गेंदों में 35 रन बनाये। 15वें ओवर में मोनांक पटेल 38 गेंदों में 50 रन बनाकर आउट हुये। उस समय तीन का स्कोर तीन विकेट पर 111 रन था। ऐरन जोंस नाबाद (36) और नितीश कुमार (14) ने 20वें ओवर तक टीम के स्कोर को तीन विकेट पर 159 स्कोर तक पहुंचा था। ऐसी स्थिति में मैच टाई हो गया तथा सुपर ओवर शुरु हुआ। अमेरिका के बल्लेबाजों ने पाकिस्तान कमजोर क्षेत्ररक्षण का फायदा उठाते हुए 18 रन बनाये। इसके बाद पाकिस्तान बल्लेबाजों को अमेरिका गेंदबाजों ने उन्हें केवल 13 रन ही बनाने दिये और पांच रन से मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले कप्तान बाबर आजम (44) और शादाब खान (40) रनों की जुझारु पारियों के दम पर पाकिस्तान ने गुरुवार को टी-20 विश्वकप के 11वें मुकाबले में अमेरिका को जीत के लिए 160 रनों का लक्ष्य दिया था। आज यहां ग्रैंड प्रायरी स्टेडियम में अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने पाकिस्तान की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने दूसरे ही ओवर में सलामी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान (9) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। रिजवान को सौरभ नेत्रवलकर ने टेलर के हाथों कैच आउट कराया। अगले ही ओवर में उस्मान खान (3) को नॉस्थुश केनजिगे ने नीतिश कुमार के हाथों कैच आउट करा दिया।

पांचवें ओवर में फखर जमान को अली खान ने आउट किया। इसके बाद शादाब खान ने बाबर आजम के साथ पारी को संभालते हुए चौथे विकेट के लिये 72 रनों की साझेदारी की। शादाब खान ने 25 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुये 40 रनों की पारी खेली। आजम खान (शून्य), इफ्तिखार अहमद (18) और बाबर आजम (44) रन बनाकर आउट हुये। शाहीन शाह अफरीदी (23) और हारिस रउफ (3) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 159 का स्कोर खड़ा किया। अमेरिका की ओर से नॉस्थुश केनजिगे ने तीन विकेट लिये। सौरभ नेत्रवलकर को दो विकेट मिले। अली खान और जसदीप सिंह ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# स्कॉटलैंड ने नामीबिया को पांच विकेट से हराया




ब्रिजटाउन, 7 जून। ब्रैड व्हील के तीन विकेट, माइकल लीस्क के हरफनमौला प्रदर्शन तथा कप्तान रिची बेरिंगटन की नाबाद 47 रन की पारी के दम पर स्कॉटलैंड ने टी-20 विश्वकप के 12वें मुकाबले में नामीबिया को पांच विकेट से हरा दिया है। नामीबिया ने गुरुवार को खेले गये मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

नामीबिया की शुरुआत खराब रही और एक समय उसने 37 रन अपने तीन गवां दिये थे। इसके बाद कप्तान गेरहार्ड इरासमस ने पारी को संभाला। उन्होंने 31 बॉल पर (52) की अर्धशतकीय पारी। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का 10वां अर्धशतक था। जेन ग्रीन (28), निकोलस डेविन (20), डेविड वीजा (14), यान फ्रायलिंक (12) जेजे स्मिट (11) के योगदान से निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 155 रन बनाए। बनाए। स्कॉटलैंड की ओर से ब्रैड व्हील ने चार ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट लिया। ब्रैडली करी को दो विकेट मिले। क्रिस सोल, क्रिस ग्रीव्स और माइकल लीस्क ने एक - एक बल्लेबाज को आउट किया। 156रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही और एक समय उसने 73 के स्कोर तक अपने चार विकेट गवां दिये थे। जॉर्ज मंसी (7), माइकल जोंस (26), ब्रैंडन मक्मलेन (19) और मैथ्यू क्रॉस (3) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान रिचर्ड बेरिंग्टन ने 35 गेंदों में दो चौके दो छक्के लगाते हुए नाबाद 47 रनों की पारी खेली। वहीं माइकल लीस्क ने तूफानी अंदाज में 17 गेंद में चार छक्के लगाते हुए 35 रन बनाये। क्रिस ग्रीव्स चार रन बनाकर नाबाद रहे। स्कॉटलैंड 18.3 ओवर में पांच विकेट पर 157 रन बनाकर मुकाबला पांच विकेट से जीत लिया। माइकल लीस्क को उनके शानदार खेल के लिये प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

## न्यूजीलैंड के सामने अफगानिस्तान की कठिन चुनौती आज

प्रोविडेंस, 7 जून। न्यूजीलैंड की टीम टी20 विश्व कप में ग्रुप सी के मैच में शनिवार को आईपीएल सितारों से भरी अफगानिस्तान टीम के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो विरोधी को हलके में लेने की गलती करने से बचना होगा। न्यूजीलैंड को कठिन ग्रुप मिला है जिसमें दो बार की चैम्पियन मेजबान वेस्टइंडीज और अफगानिस्तान जैसी टीमें हैं। बारिश के कारण अभ्यास सत्र रद्द होने से न्यूजीलैंड की तैयारी पर असर पड़ा है।

## रऊफ पर गेंद से छेड़छाड़ का आरोप



डलास, 7 जून। गुरुवार को यूएसए और पाकिस्तान के बीच टी20 वर्ल्ड कप का मुकाबला खेला गया। जिसे एतिहासिक रूप से अमेरिका ने सुपर ओवर में जीत लिया। वहीं डैलास में हुए इस मैच में रस्टी थेरॉन ने पाक टीम पर गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है, जिसके चलते पाकिस्तान के खिलाफ हारिस रऊफ सुर्खियों में आ गए।

यूएसए के तेज गेंदबाज रस्टी थेरॉन साउथ अफ्रीका के लिए भी इंटरनेशनल क्रिकेट खेल चुके हैं और उनके नाम 18 टी20 इंटरनेशनल में 24 विकेट दर्ज हैं। थेरॉन ने हारिस रऊफ पर यूएसए के खिलाफ मैच में बॉल टेंपरिंग यानी गेंद से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। थेरॉन का कहना है कि हारिस ने अंगूठे के नाखून से गेंद के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश की है।

रस्टी थेरॉन ने ट्वीट करते हुए लिखा कि, क्या हम सिर्फ ये दिखावा करने जा रहे हैं कि पाकिस्तान इस ताजा बदली हुई गेंद से कुछ नहीं कर रहा है? उस गेंद को रिवर्स करना जो अभी 2 ओवर पहले बदली गई? आप सचमुच हारिस राउफ को गेंद के टॉप पर अपने अंगूठे के नाखून को चलाता हुआ देख सकते हैं। हालांकि, कथित रूप से हारिस रऊफ द्वारा की गई गेंद से छेड़छाड़ का कोई भी सबूत अभी नहीं है और यूएसए की टीम ने भी कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं की है।

## टेनिस लेजेंड महेश भूपति ने 50वां जन्मदिन मनाया



नई दिल्ली, 7 जून। आज 7 जून को देश के लिए पहला ग्रैंड स्लैम जीतने वाले भारतीय टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति अपना 50वां जन्मदिन मना रहे हैं। महेश भूपति तमाम युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने विश्व स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता में अपने नाम कई खिताब किए हैं। लिएंडर पेस के साथ मिलकर उन्होंने तीन बार डबल्स खिताब भी हासिल हुआ। बता दें कि महज 14 साल की उम्र में उन्होंने अंतराष्ट्रीय टेनिस करियर की शुरुआत की थी। महेश भूपति का जन्म मद्रास में 07 जून 1974 को महेश भूपति का जन्म हुआ था। उन्होंने 14 साल की उम्र से ही अंतरराष्ट्रीय टेनिस करियर की शुरुआत कर दी थी। अपनी मेहनत के जरिए उन्होंने टेनिस में कई खिताब अपने नाम किए हैं। आपको बता दें कि महेश भूपति के लिए साल 1999 काफी अहम रहा। इस साल उन्होंने लिएंडर पेस के साथ जोड़ी बनाकर फ्रेंच ओपन और विंबलडन का डबल्स खिताब जीता। फिर साल 2001 में लिएंडर पेस और महेश भूपति की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन का खिताब भी अपने नाम किया। विश्व स्तरीय टेनिस प्रतियोगिता का खिताब जीतकर वह युवा आईकन बने और इनसे प्रेरणा लेकर कई युवा टेनिस में अपना करियर भी बनाना चाहते हैं। महेश और लिएंडर की जोड़ी ने कई अंतरराष्ट्रीय टेनिस खिताब जीते। फिर साल 2012 में महेश भूपति और सानिया मिर्जा की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन के मिक्स्ड डबल्स खिताब पर कब्जा जमाया।

## जर्मनी और ब्रिटेन के खिलाफ अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

लंदन, 7 जून। पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए भारतीय पुरूष हॉकी टीम इस सप्ताह के आखिर में जर्मनी और ब्रिटेन के खिलाफ एफआईएच हॉकी प्रो लीग के मुकाबलों में अपने प्रदर्शन में सुधार के इरादे से उतरेगी। भारत को शनिवार को विश्व चैम्पियन जर्मनी से खेलना है जबकि रविवार को ब्रिटेन से मुकाबला होगा। बेल्जियम चरण और लंदन में दो मैचों के बाद भारत 14 मैचों में 24 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। जर्मनी छठे और ब्रिटेन सातवें स्थान पर है। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा ,“ हमने कुछ अच्छी हॉकी खेली लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार करना होगा। इन दो मैचों में हमारा लक्ष्य आक्रामक शुरूआत करने का होगा। हम अच्छी हॉकी खेलकर लय बनाये रखने की कोशिश करेंगे।” बेल्जियम में भारत ने शूटआउट में अर्जेंटीना को हराया लेकिन बेल्जियम से 1.4 से हार गई। बेल्जियम ने उसे शूटआउट में हराया जिसके बाद भारत ने अर्जेंटीना को 5.4 से मात दी।

## अमेरिका से हार को पाकिस्तान क्रिकेट जगत ने ‘काला दिन’ करार दिया

कराची, 7 जून। पाकिस्तान क्रिकेट जगत ने आईसीसी टी20 विश्व कप में पदार्पण कर रहे अमेरिका के हाथों शिकस्त को अप्रत्याशित करार देते हुए इसे टीम के लिए ‘काला दिन’ करार दिया। अमेरिका ने डलास के ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में सुपर ओवर तक चले मैच में पूर्व चैंपियन पाकिस्तान को हरा कर इस विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर किया। पूर्व कप्तान यूनिस खान ने कहा कि पाकिस्तान की टीम ने इस मैच कई रणनीतिक गलतियां की, जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। यूनिस ने कहा, “सुपर ओवर में जब बायें हाथ का गेंदबाज गेंदबाजी कर रहा था तब फखर जमां को स्ट्राइक लेनी चाहिये थी। कोई भी ऐसे बुरे दिन से सीख सकता है और मुझे उम्मीद है कि बाबर आजम और अन्य खिलाड़ी अब हर मैच को करो या करो के रूप में लेंगे।”

यूनिस के अनुसार सबसे निराशाजनक बात यह थी कि अमेरिका में पाकिस्तानी मूल के लोग बड़ी संख्या में रहते है, जो पूरे दिल से टीम का समर्थन कर रहे हैं। तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने टीम के प्रदर्शन को दयनीय बताया। उन्होंने कहा, “ऐसा नहीं लग रहा था कि पाकिस्तान ऐसी टीम के खिलाफ खेल रहा है जिसे शीर्ष टीमों के खिलाफ ज्यादा खेलने का मौका नहीं मिला है।” पूर्व सलामी बल्लेबाज मोहसिन खान ने कहा कि वह पाकिस्तान क्रिकेट के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। उन्होंने कहा, “यह सिर्फ एक हार नहीं है, यह हमारे खिलाड़ियों की मानसिक कमजोरी को दिखाता है। मुझे नहीं पता कि क्या हो रहा है लेकिन कहीं न कहीं मुझे लग रहा है कि हमारे खिलाड़ियों ने अमेरिका को कमतर आंका था।”

## कारूआना से हारे आर. प्रज्ञाननंदा, कार्लसन ने अलीरेजा को हराया



स्टावेंजर/नॉर्वे, 7 जून। भारतीय ग्रैंड मास्टर आर प्रज्ञाननंदा को नार्वे शतरंज टूर्नामेंट के नौवें दौर में अमेरिका के फेबियानो कारूआना से हार का सामना करना पड़ा, जबकि विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को आर्मगेडन (टाइब्रेकर) में हराया। कार्लसन के अब 16 अंक हो गए हैं और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी हिकारू नाकामुरा पर 1.5 अंक की बढ़त हासिल कर ली है। नाकामुरा को चीन के विश्व चैंपियन डिंग लिरेन से हार का सामना करना पड़ा।

कारूआना से आर्मगेडन में हारने के बावजूद प्रज्ञाननंदा 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर बने हुए हैं। वह चौथे नंबर पर काबिज अलीरेजा से एक अंक आगे हैं। कारूआना के 10.5 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर हैं। लिरेन छह अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। महिला वर्ग में भारत की आर वैशाली को चीन की टिंगजी लेई के हाथों एक और हार का सामना करना पड़ा जिससे वह चौथे स्थान पर खिसक गईं। एक अन्य भारतीय खिलाड़ी कोनेरू हम्पी भी चीन की वेन्जून जू से हार गईं।

वेन्जून जू अब 16 अंक लेकर शीर्ष पर हैं और उन्होंने खिताब के लिए अपना दावा मजबूत कर दिया है। टिंगजी लेई और यूक्रेन की अन्ना मुजीचुक उनसे 1.5 अंक पीछे संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। वैशाली 11.5 अंकों के साथ चौथे, जबकि हम्पी नौ अंकों के साथ पांचवेंस्थान पर हैं। स्वीडन की अनुभवी खिलाड़ी पिया क्रैमलिंग 6.5 अंकों के साथ अंतिम स्थान पर हैं। वैशाली क्लासिकल गेम में हारने वाली एकमात्र खिलाड़ी रही। बाकी सभी बाजियां ड्रॉ रही, जिसके बाद परिणाम के लिए आर्मगेडन का सहारा लिया गया।

## कनाडा ने 138 रन का लक्ष्य दिया, आयरलैंड की आधी टीम पैवेलियन लौटी




न्यूयॉर्क, 7 जून। निकोलस कीरटॉ (49) और श्रेयस मोव्वा (37) रनों की शानदार पारियों के दम पर टी-20 विश्वकप के 13वें मुकाबले में शुक्रवार को कनाडा ने आयरलैंड को जीत के लिए 138 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां नैसो काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। जवाब में आयरलैंड ने 11 ओवर में 5 विकेट 53 रन बना लिए हैं। गैरेथ डेलेनी और जॉर्ज डोकरेल क्रीज पर हैं। कप्तान पॉल स्टर्लिंग 9, एंडी बालबर्नी 17, हैरी टेक्टर 7 रन, लोर्कन टकर 10 रन और कर्टिस कैम्फर 4 रन बनाकर आउट हो चुके हैं। जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, साद बिन जफर और दिलोन हेइलिगर को एक-एक विकेट मिला। बल्लेबाजी करने उतरी कनाडा की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीसरे ही ओर में नवनीत धालीवाल (6) का विकेट गवां दिया। पांचवें ओवर में ऐरन जॉनसन (14) पर पवेलियन लौट गये। सातवें ओवर में क्रेग यंग ने परगट सिंह (18) को अपना शिकार बनाया। नौवें ओवर में दिलप्रीत सिंह (7) रन बनाकर आउट हुये। इस समय टीम का स्कोर चार विकेट पर 53 रन था। इसके बाद निकोलस क्रीटो और श्रेयस मोव्वा ने पारी को संभाला।

## अमेरिका से हार के बाद पाकिस्तानी टीम पर बरसे पूर्व गेंदबाज वसीम अकरम



डलास, 7 जून। महान तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने अमेरिका के खिलाफ सुपर ओवर में मिली हार पर पाकिस्तान की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि अब टी20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में जगह बनाना बाबर आजम की टीम के लिये कठिन होगा। अकरम ने स्टार स्पोटर्स से कहा ,“ निराशाजनक प्रदर्शन। हार और जीत खेल का हिस्सा है लेकिन अंतिम गेंद पर लड़ना जरूरी है। पाकिस्तान क्रिकेट के लिये यह बुरा दिन था।”

उन्होंने कहा,“ अब पाकिस्तान को सुपर आठ चरण में जगह बनाने के लिये जूझना होगा क्योंकि अब उसे भारत (नौ जून) के बाद दो और अच्छी टीमों (आयरलैंड और कनाडा) से खेलना है।” पाकिस्तान की 1992 विश्व कप जीत के नायक ने कहा कि मैच का निर्णायक मोड़ अमेरिका को शुरूआती विकेट मिलना था। उन्होंने कहा ,“ मैच का निर्णायक मोड़ यही था कि अमेरिका ने शुरूआती विकेट चटकाये। पाकिस्तान के लिये बाबर और शादाब ने छोटी सी साझेदारी की लेकिन उनके अलावा कोई नहीं चला।

फील्डिंग बहुत खराब थी। कुल मिलाकर प्रदर्शन अच्छा नहीं था।” रिवर्स स्विंग के सुल्तान ने कहा ,“ मुझे और पाकिस्तान के हर प्रशंसक को यकीन था कि हम अमेरिका को हरायेंगे। लेकिन सुपर ओवर में 18 रन देने के बाद उम्मीदें ध्वस्त हो गई। अमेरिका के कप्तान मोनांक पटेल ने मैच में शानदार बल्लेबाजी की और मोर्चे से अगुवाई की।

## उत्तराखंड राज्यपाल ने टी ऑफ कर गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का किया आगाज

नैनीताल, 7 जून। उत्तराखंड राजभवन गोल्फ क्लब की ओर से आयोजित 19वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का शुक्रवार से आगाज हो गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह ने टी-ऑफ कर टूर्नामेंट का शुभारम्भ किया। तीन दिन तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में इस वर्ष 121 गोल्फर प्रतिभाग कर रहे हैं।

टूर्नामेंट के पहले दिन आज 55 गोल्फर खेले जिनमें छह महिलाएं, 37 सामान्य वर्ग, चार सुपर वेटरन एवं आठ जूनियर गोल्फर शामिल रहे। राज्यपाल ने देश के अलग-अलग हिस्सों से आए गोल्फरों से बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राजभवन गोल्फ कोर्स का नैसर्गिक सौंदर्य अपने आप में अलग है। देश के विभिन्न भागों से यहां आने वाले खिलाड़ी गोल्फ खेलने के साथ ही उत्तराखण्ड की नैसर्गिक सुंदरता तथा पर्यटन स्थलों का भी लुत्फ उठा सकेंगे।

सिंह ने कहा कि गोल्फ टूर्नामेंट नैनीताल सहित सम्पूर्ण उत्तराखंड की राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान स्थापित करने में मददगार होगा तथा आने वाले वर्षों में उत्तराखंड से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी यहां का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, आयुक्त कुमाऊँ मंडल दीपक रावत, पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) योगेंद्र रावत, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया समेत अनेक लोग भी इस मौके पर मौजूद थे।

## यंग बॉयज और यूनाइटेड ने अपने-अपने मुकाबले जीते

नयी दिल्ली, 7 जून। प्लेयर ऑफ द मैच दिशान शबीर के दो बेहतरीन गोलों की मदद से यंग बॉयज एफसी ने जुबा सांघा को 4-1 से हरा कर डीएसए ए डिवीजन लीग में पूरे अंक अर्जित किए। यंग बॉयज की ओर से सूरज सिंह और डाउंजल ने एक-एक गोल किये। पराजित टीम का एकमात्र गोल आशीष शॉ के नाम रहा। नेहरू स्टेडियम में खेले गए एक अन्य मैच में दिल्ली यूनाइटेड ने शिमला यंग एफसी को 2-0 से हराया।

## भारतीय तीरंदाजों ने टीम स्पर्धाओं में जीते 4 पदक

सुवोन, 7 जून। भारतीय तीरंदाजों ने तीरंदाजी एशिया कप 2024 स्टेज 3 में दो रजत और दो कांस्य समेत चार पदक जीते। दक्षिण कोरिया के सुवोन आयोजित स्पर्धा में शुक्रवार को भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी और मिश्रित टीमों ने रजत पदक जीते, जबकि पुरुष कंपाउंड और महिला रिकर्व टीमों को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम में कुमुद सैनी, माया बिश्नोई और 16 वर्षीय तेजल साल्वे की तिकड़ी फाइनल में सिम सूइन, पार्क जुंगयून और पार्क येरिन की दक्षिण कोरियाई टीम से 234-232 से हार गई। इससे पहले भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान को और क्वार्टरफाइनल में मंगोलिया को हराया था।

कंपाउंड मिश्रित टीम के फाइनल में भारत की 17 वर्षीय कुमुद सैनी और 15 वर्षीय मानव जाधव दक्षिण कोरिया के सिम सूइन और कांग डोंगह्योन से 157-155 से हार गए। भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में हांगकांग चीन को और सेमीफाइनल में कजाकिस्तान को हराकर फाइनल में पहुंची थी। वहीं पुरुषों की कंपाउंड टीम स्पर्धा में मानव जाधव, गणेश मणिरत्नम थिरुमुरु और कुशल दलाल ने चीनी ताइपे के हान टिंग लिन, चेंग एन काओ और हाओ-एन लू को 236-229 के स्कोर से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत ने सेमीफाइनल में मलेशिया से हारने से पहले क्वार्टरफाइनल में हांगकांग चीन को हराया था।

भारत की रिकर्व महिला तीरंदाजी टीम ने प्लेऑफ में उज्बेकिस्तान को 5-3 से हराकर कांस्य पदक जीता। भार्गवीबेन भगोरा, बसंती महतो और 14 वर्षीय शारवरी सोमनाथ शेंडे ने ज़ियोदाखोन अब्दुसत्तोरोवा, निलुफर हमरोएवा और ओमिना एर्गाशोवा की विपक्षी टीम को शिकस्त दी। क्वार्टरफाइनल में भारतीय महिला रिकर्व टीम ने कजाकिस्तान को हराया था।

# मोदी को राष्ट्रपति से मिली प्रधानमंत्री पद की नियुक्ति की चिट्ठी

## मोदी रविवार शाम सात बजे प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे

नयी दिल्ली, 7 जून (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नैशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (एन.डी.ए.) के नेता नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री पद की नियुक्ति का पत्र शुक्रवार शाम को सौंप दिया और उन्हें नयी मंत्रिपरिषद के लिए नामों की सूची भेजने के लिए कहा।

मोदी शाम छः बजे राष्ट्रपति भवन पहुंचे और राष्ट्रपति से मुलाकात की। बाद में उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है और मंत्रिपरिषद की सूची देने को कहा है। उन्होंने कहा, मैंने राष्ट्रपति को बताया है कि, हमें शपथ ग्रहण समारोह के लिए रविवार शाम छह बजे का समय सुविधाजनक रहेगा। उन्होंने कहा कि उस समय तक मंत्रिपरिषद के सदस्यों की सूची भी राष्ट्रपति को भेज दी जायेगी।

- **मोदी ने शुक्रवार को शाम छः बजे राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात की। बाद में उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि, राष्ट्रपति ने उन्हें प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है और मंत्रिपरिषद की लिस्ट देने को कहा है।**
- **प्रधानमंत्री ने कहा कि, दस वर्ष तक सरकार चलाने के उनके और उनकी टीम के अनुभव का अब देश को अगले पांच वर्ष तक पूरा लाभ मिलेगा और सरकार और तेजी से काम करेगी।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि, दस वर्ष तक सरकार चलाने का उनका और उनकी टीम के अनुभव का अब देश को अगले पांच वर्ष तक पूरा लाभ मिलेगा और सरकार तेजी से काम करेगी। उन्होंने कहा, 2014 में मैं नया था, अब अनुभव मिला है। भारत की जो वैश्विक छवि बनी है उसका अधिकतम लाभ अब शुरू होगा।

मोदी ने कहा, यह पांच वर्ष वैश्विक परिवेश में भी महत्वपूर्ण होंगे। दुनिया संकट से गुजर रही है ऐसी विकट परिस्थिति दुनिया ने लंबे अरसे के बाद देखी है । हर देश चुनौती का डरते हुए सामना कर रहा है। हम इतने संकट के बावजूद सबसे तेज गति से बढने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में उभरे हैं। अब एक स्थायी सरकार और परिपक्व नेतृत्व मिलने के कारण युवा पीढी तथा राज्यों को लाभ मिलेगा और वैश्विक भागीदारी का माहौल बनने वाला है।

उन्होंने कहा कि, अठारहवीं लोकसभा आजादी के अमृत महोत्सव के बाद की पहली लोकसभा है और यह एक प्रकार से युवा ऊर्जा और कुछ कर गुजरने वाली लोकसभा होने जा रही है। उन्होंने देशवासियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्होंने एनडीए सरकार को तीसरी बार देश की सेवा करने का आदेश और अवसर दिया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह देशवासियों को आश्वस्त करते हैं कि पिछली दो कार्यकाल में देश तेज गति से आगे बढा है और समाज के हर वर्ग में परिवर्तन नजर आ रहा है। इस कार्यकाल में भी सरकार उसी तेजी के साथ उतने ही समर्पण भाव से देश की आशाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने में कोई कमी नहीं रखेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि, उनकी सरकार देश के सामान्य जन के सपनों को पूरा करने का प्रयास करेगी और लक्ष्यों को समय सीमा में हासिल करने के लिए ऊर्जा तथा व्यापक विजन के साथ काम करेगी।

इससे पहले एन.डी.ए. के नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मोदी को सर्वसम्मति से गठबंधन के संसदीय दल का नेता चुने जाने से संबंधित पत्र राष्ट्रपति को दिया था। इसके बाद मुर्मु ने मोदी को राष्ट्रपति भवन बुलाया था।

लोकसभा चुनाव में राजग ने 293 सीटें जीतकर लगातार तीसरी बार बहुमत हासिल किया है। वर्ष 1962 (पंडित जवाहर लाल नेहरू) के बाद यह पहला अवसर है जब कोई नेता दो कार्यकाल पूरे करने के बाद लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेगा।

## 'अल्पसंख्यक मुक्त एन.डी.ए.'

श्रीनगर, 7 जून। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भाजपा के अगुआई वाले एनडीए पर हमला बोलते हुए कहा कि इस गठबंधन में अल्पसंख्यकों की कोई जगह नहीं है। बता दें कि एन.डी.ए. ने लोकसभा के चुनाव में बहुमत हासिल किया है और जल्द सरकार बनाने के लिए कवायद चल रह है। शपथ ग्रहण की तारीख भी आ गई है। भाजपा नेताओं के मुताबिक 9 जून यानी रविवार की शाम को मोदी सरकार 3.0 का शपथ ग्रहण होना है।

- **उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर कहा, केवल बीजेपी ही नहीं, बल्कि पूरा एनडीए ही मुस्लिम मुक्त हो गया है।**

उमर अब्दुल्ला ने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर कहा, केवल बीजेपी ही नहीं, बल्कि पूरा एनडीए ही मुस्लिम मुक्त हो गया है। ना केवल मुस्लिम मुक्त बल्कि यह ईसाई मुक्त, बौद्ध मुक्त, सिख मुक्त है। इसके बावजूद सरकार दावा करेगी कि यह 140 करोड़ देशवासियों का प्रतिनिधित्व करती है। रिपोर्ट के बाद की है जिसमें कहा गया है कि बीजेपी और एनडीए के अन्य दलों में चुने गए सभी सांसद केवल हिंदू हैं।

# पांच दिन में 579 करोड़ रुपये बढ़ी चंद्रबाबू नायडू की पत्नी की सम्पत्ति

## नायडू की पत्नी की सम्पत्ति में इतनी तेजी से इजाफा होने की मुख्य वजह उनकी कंपनी हैरिटेज फूड लिमिटेड है, जिसके शेयर की कीमतों में भारी उछाल आया है

मुंबई, 7 जून। लोकसभा और आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनावों के नतीजों का ऐलान होते ही टी.डी.पी. अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू और उनकी पत्नी नारा भुवनेश्वरी की किस्मात और कंपनी दोनों चमक उठी है। आलम यह है कि पांच दिनों के अंदर भुवनेश्वरी की संपत्ति में 579 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है। उनकी संपत्ति बढ़ने की वजह उनकी कंपनी हेरिटेज फूड्स लिमिटेड है, जिसके शेयर की कीमतों में चुनाव नतीजों के बाद भारी उछाल आया है।

कोविड काल से ही बड़े झटके झेल रही एफ.एम.सी.जी. सैक्टर की इस कंपनी के शेयर में लोकसभा चुनाव नतीजों के दिन बड़ा उछाल दर्ज किया गया। इस कंपनी में नारा भुवनेश्वरी की करीब 24.37 प्रतिशत की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। उनके पास कंपनी के 2,26,11,525 शेयर हैं। 1992 में चंद्रबाबू नायडू ने इस कंपनी की स्थापना की थी। दूध, दही, लस्सी, पनीर, घी, चीज समेत अन्य डेयरी उत्पाद इसके प्रोडक्ट हैं। नारा भुवनेश्वरी इस कंपनी की मैनेजिंग डायरेक्टर और वाइस चेयरमैन हैं।

- **इस कंपनी में चंद्रबाबू नायडू की पत्नी नारा भुवनेश्वरी की करीब 24.37 प्रतिशत महत्वपूर्ण हिस्सेदारी है। उनके पास कंपनी के 2,26,11,525 शेयर हैं। 1992 में चंद्रबाबू नायडू ने इस कंपनी की स्थापना की थी।**

मंगलवार को लोकसभा चुनाव नतीजों के दिन जब शेयर बाजार में भारी गिरावट दर्ज की गई, तब भी हेरिटेज फूड्स के शेयरों में उछाल दर्ज किया गया और तब से लगातार पांच दिनों से इसके शेयरों में शानदार तेजी देखने को मिली है। शुक्रवार को भी शेयर की कीमतों में उछाल आया और यह 659 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया। पिछले पांच दिनों में हेरिटेज फूड्स के शेयर की कीमत में 256.10 रुपये प्रति शेयर की तेजी आई है। कंपनी के शेयर के दामों में आई बढ़ोत्तरी से चंद्रबाबू नायडू के बेटे एन लोकेश की भी संपत्ति में बड़ा उछाल दर्ज किया गया है। लोकेश भी इस कंपनी को प्रमोटर हैं।

गौरतलब है कि, लोकसभा चुनाव के नतीजों के ही दिन आंध्र प्रदेश विधान सभा चुनावों के नतीजे भी आए हैं। इन नतीजों में चंद्रबाबू नायडू ने 10 साल बाद राज्य की सत्ता में जोरदार वापसी की है। 175 सदस्यों वाली आंध्र विधानसभा में चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी ने 135 सीटें जीती हैं।

## ममता बनर्जी इण्डिया...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के दौरान उन्होंने राज्य में कोई भी सुविधा देने से इन्कार कर दिया था यहां तक राहुल गांधी को विश्राम के लिए सरकारी गैस्ट हाउस और सर्किट हाउस तक नहीं दिया गया।

सबसे बड़े दल के रुप में उभर कर कांग्रेस न राष्ट्रीय स्तर पर ताकतवर बनने की ममता बनर्जी की इच्छा पर पानी फेर दिया है, और कांग्रेस 99 सीटों के साथ काफी आगे है। इसी बीच भाजपा में अतर्कलह की कई बाते निकलकर सामने आ रही है जिनकी वजह से भाजपा को कई सीटों पर हार का मुंह देखना पड़ा। इनमें से एक है कृष्ण नगर सीट जहां से भाजपा प्रत्याशी थी अमृता रॉय, वे चुनाव हार गई। अमृता एतिहासिक महत्व के परिवार से ताल्लुक रखती हैं।

अमृता के पूर्वज, कृष्णानगर के महाराजा कृष्णचन्द्रा की प्लासी के युद्ध में अठारवीं शताब्दी में प्रमुख भूमिका रही थी। भाजपा में कुछ लोग इस बात की शिकायत कर रहे हैं कि पार्टी के भीतरघात के कारण कई सीटों पर पार्टी की पराजय हुई है जिन पर पार्टी की जीत पहले ही सुनिश्चित थी।

दिलीप घोष जिन्हें भाजपा के उत्थान का जनक माना जाता है और जो राज्य में प्रमुख राजनैतिक कारक के रुप में भी उभरे, उन्होंने भी पार्टी में आन्तरिक गुटबाजी की शिकायत की है इसी के कारण गत लोकसभा चुनावों में कई सीटों पर पार्टी पराजय हुई। दिलीप घोष उनके पुराने निर्वाचन क्षेत्र मिदनापुर से बर्दवान चले गए।

दिलीप घोष ने अपने निर्वाचन क्षेत्र को बहुत अच्छी तरह से संभाला था और यह भरोसा था वो वहां की सीट से निश्चित रुप से जीत जाएंगे। जब घोष से उनकी पुरानी सीट छोड़कर दूसरी सीट पर जाकर चुनाव लड़ने के बारे में पूछा गया तो घोष ने खुले तौर पर कहा कि पार्टी के भीतर एक दूसरे को नीचा गिराने की प्रवृति चल रही है।

अमृता रॉय ने चुनावों में उनकी पराजय पर पार्टी की सेन्ट्रल कमांड द्वारा भेजे गए धन का दुरुपयोग करने की शिकायत की। चुनाव लड़ने के लिए उस फंड का समुचित उपयोग नहीं किया गया और पार्टी के अनेक नेताओं ने चुनाव जीतने के लिए सामूहिक लक्ष्य में सहयोग नहीं किया।

## सी.डब्ल्यु.सी...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रात्रि भोज दिया जाएगा।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बैठक के एजेन्डा के बारे में कुछ बताए बगैर यह जानकारी दी।

## मु.मंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कार्यकाल में भारत विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा और उनके नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प निश्चित रूप से पूर्ण होगा।

## 'नीट पेपरलीक...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

परीक्षा परिणाम घोषित होने पर सरकार की चुप्पी रहस्यमय है।

दोनों ने कहा कि, शिक्षा का निजीकरण करने के कारण नीट परीक्षाओं में घोटाला हो रहा है। जब भी नीट परीक्षाओं का परिणाम प्रकाशित किया जाता है विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को एक दिन पहले सूचित किया जाता है परन्तु इस बार ऐसा नहीं किया गया, इसलिए कांग्रेस व इसकी एन.एस.यू.आई. इस कांड की जांच तत्काल कराए जाने की मांग करती है।

कन्हैया कुमार ने कहा कि, कांग्रेस लगातार अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान 30 लाख सरकार के 30 लाख रिक्त पदों के बारे में जोर देती रही है और संघ लोक सेवा आयोग (यू.पी.एस.सी) द्वारा आयोजित प्रतियोगिता परीक्षाओं को छोड़ कर शेष सभी परीक्षाओं में अनियमितता हो रही है और उनमें भी भविष्य में अनियमितताएं हो सकती हैं।

सबसे अचम्भे वाली बात यह है कि, अधिकतम 67 विद्यार्थी 100 प्रतिशत अंक प्राप्त करके सफल हुए हैं और परीक्षा आयोजक निकाय के निदेशक का इस पर दावा यह है कि, उसने विद्यार्थियों के अंकों की प्रतिशत वृद्धि करने के लिए ग्रेस अंक दिए हैं, परन्तु कोई पारदर्शिता नहीं बरती गई कि किसे "ग्रेस" नम्बर मिलेंगे। कुमार एवं एन.एस.यू.आई. अध्यक्ष चौधरी ने परीक्षाओं में अनियमितताओं पर रोक सुनिश्चित करने के लिए एक सख्त कानून बनाने की मांग की है।

# एमडीएच, एवरेस्ट, गजानंद, श्याम और शीबा ताजा जैसी नामी कम्पनियों के मसाले अनसेफ मिले

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने इन कंपनियों के मसाले सीज़ करने के निर्देश दिए

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर, 7 जून। एम.डी.एच., एवरेस्ट, गजानंद, श्याम और शीबा ताजा जैसी नामी कम्पनियों के मसाले चिकित्सा विभगा की जांच में अनसेफ पाए गए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने इन कंपनियों के खिलाफ भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा इन अनसेफ मसालों को तत्काल प्रभाव से सीज़ करने के निर्देश दिए हैं।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा*

खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान ने बताया कि, एम.डी.एच. कंपनी के गरम मसाले में एसिटामिप्रिड, थियामेथोक्साम, इमिडाक्लोप्रिड, सब्जी मसाला एवं चना मसाले में ट्राईसाइलाजोन, प्रोफिनोफोस, श्याम कंपनी के गरम मसाले में एसिटामिप्रिड, शीबा ताजा कंपनी के रायता मसाले में थियामेथोक्साम एवं एसिटामिप्रिड, गजानंद कंपनी के अचार मसाले में इथियोन तथा एवरेस्ट कंपनी के जीरा मसाले में एजोक्सीस्ट्रोबिन व थियामेथोक्साम पेस्टीसाइड/इनसेक्टीसाइड निर्धारित मात्रा से काफी अधिक पाए गए, जो कि स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है।

खान ने बताया कि, इन कंपनियों के अन्य मसालों तथा अनसेफ बैच के अलावा अन्य बैचों के भी नमूने लिए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को इन ब्रांड के मसालों के संबंधित लॉट या बैच को निर्माता, सी एण्ड एफ, डिस्ट्रीब्यूटर एवं होलसेलर के यहां से तत्काल प्रभाव से सीज किए जाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही इन ब्रांड के अन्य मसालों एवं मसाला पाउडर के सैम्पल लेने के भी निर्देश दिए हैं। इसके लिए हरियाणा एवं गुजरात के खाद्य सुरक्षा आयुक्त को भी पत्र लिखा गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि, प्रदेश के सभी जिलों में मसालों के सैम्पल लेने के लिए 8 मई, 2024 को विशेष अभियान चलाया गया था।

- **एमडीएच मसाले की निर्माण इकाई हरियाणा में है तथा एवरेस्ट व गजानंद मसालों की निर्माण इकाई गुजरात में है, इसलिए वहां के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है।**
- **भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को भी इन मामलों में कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है।**

इस अभियान के तहत नामी कम्पनियों सहित विभिन्न कम्पनियों के मसालों के प्रदेशभर में कुल 93 नमूने लिए गए। राज्य केंद्रीय जनस्वास्थ्य प्रयोगशाल की जांच रिपोर्ट के अनुसार कुछ नमूनों में पेस्टीसाइड एवं इनसेक्टीसाइड की मात्रा काफी अधिक पाई गई।

सिंह ने बताया कि, अनसेफ पाए गए मसालों को सीज करने के निर्देश दिए हैं। एमडीएच मसालों की निर्माण इकाई हरियाणा में है तथा एवरेस्ट एवं गजानंद मसालों की निर्माण इकाई गुजरात में है इसलिए वहां के खाद्य सुरक्षा आयुक्तों को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। साथ ही, भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण, नई दिल्ली के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को भी इन मामलों में कार्रवाई के लिए पत्र लिखा गया है।

## भाजपा व एन.डी.ए. के बीच रस्साकशी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

नीतीश और नायडू के साथ बातचीत करते रहने से भाजपा पर दबाव बनेगा क्योंकि भाजपा के सहयोगी सत्ता में अपने जितने अधिक शेयर की मांग करेंगे, एन.डी.ए. गठबंधन के भीतर उतनी ही समस्याएं आएंगी और भाजपा एवं उसके शीर्ष नेतृत्व पर दबाव पड़ेगा।

यह बदलते समय का ही संकेत है कि अमित शाह कल जे.पी. नड्डा के आवास पर आठ घंटे तक रहे और उन्होंने सरकार के गठन और मंत्रालयों के वितरण को लेकर मंथन किया।

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार भाजपा अपनी सहयोगी पार्टियों को जो मंत्रालय आदि ऑफर कर रही है, उनकी लिस्ट इस प्रकार है:

**टी.डी.पी.:** एक पद कैबिनेट मंत्री का और दो पद राज्य मंत्रियों के।

**जद (यू):** एक पद कैबिनेट मंत्री का और दो पद राज्य मंत्रियों के।

**एकनाथ शिंदे:** एक पद कैबिनेट मंत्री और एक राज्य मंत्री।

**चिराग पासवान:** एक पद कैबिनेट मंत्री और एक राज्य मंत्री।

**जद (एस):** एक पद कैबिनेट मंत्री।

**पवन कल्याण:** एक पद कैबिनेट मंत्री अथवा एक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)।

**जयंत चौधरी:** एक पद कैबिनेट मंत्री अथवा एक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)।

**अनुप्रिया पटेल:** एक पद राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)।

**जीतन राम मांझी:** एक पद राज्य मंत्री।

शीर्षस्थ सूत्रों के अनुसार एन.डी.ए. की मीटिंग के बाद टी.डी.पी. की अहम प्राथमिकताएं ये हैं:

आंध्र प्रदेश को विशेष वित्तीय सहायता। अमरावती को आंध्र प्रदेश की राजधानी बनाने में केन्द्र की मदद।

टी.डी.पी. की जिन मंत्रालयों पर नज़र है:

**शीर्ष प्राथमिकता**-आई.टी. बन्दरगाह, एवं जल संसाधन और शहरी विकास मंत्रालय।

टी.डी.पी. की नज़रे केन्द्रीय वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री का पद प्राप्त करने पर हैं क्योंकि आंध्र को केन्द्र सरकार से विशेष वित्तीय सहायता की जरूरत है।

**कारण:** बन्दरगाह मंत्रालय हाथ में आ जाने पर टी.डी.पी. आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में अधिक संसाधन जुटाकर उनका विकास कर सकेगी।

**जल**-आंध्र प्रदेश को पोलावरम राष्ट्रीय जल परियोजना सहित बड़ी जल परियोजनाओं का विकास करना है।

चन्द्रबाबू नायडू अपनी पार्टी के गढ़ में आई.टी. सैक्टर को लेकर उत्सुक रहते आए हैं। वह शहरी विकास मंत्रालय भी चाहते हैं क्योंकि उनकी मुख्य लालसा नई राजधानी और अमरावती का विकास स्वयं को सिद्ध करना है।

कुछ इच्छाएं तो स्पष्ट हो गई हैं किन्तु कुछ गुप्त हैं।

पार्टियों में सेंधमारी कर सांसदों को अपने खेमे में लाने का नरेन्द्र मोदी का ट्रैक रिकॉर्ड रहा है इसलिए विभिन्न राजनीतिक पार्टियां इस बात पर जोर दे रही हैं कि स्पीकर का पद भाजपा के खाते में नहीं जाना चाहिए।

विपक्ष लोकसभा में डेपुटी स्पीकर के पद की मांग कर रहा है। पिछली बार विपक्ष को यह पद देने से इन्कार कर दिया गया था।

सूत्र कहते हैं कि अभी और सौदेबाजी शेष हैं।

## ई.वी.एम. में डाले गए वोटों और गिने गए कुल वोटों के बीच अंतर क्यों?

नई दिल्ली, 7 जून। ई.वी.एम. में डाले गए वोटों और गिने गए कुल वोटों के बीच कुछ जगहों पर अंतर क्यों आ रहा है? चुनाव आयोग ने खुद ही इसका जवाब दिया है।

चुनाव आयोग का कहना है कि कुछ वोटों को नियमों के मुताबिक न गिना जाना इसकी वजह हो सकती है। दरअसल, सोशल मीडिया पर इंटरनेट यूजर्स की ओर से इसे लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। ऐसे ही एक शख्स ने एक्स पर पोस्ट करके पूछा कि ई.वी.एम. पर जितने वोट डाले गए और जितने वोटों की गिनती हुई, इसके बीच कहीं-कहीं तो हजारों का अंतर है। आखिर ऐसा कैसे हो सकता है?

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इसका जवाब दिया है।

## देश की जनता ने अहंकार को...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गठबंधन (एनडीए) को खारिज कर दिया है, मौजूदा चुनाव नतीजे भाजपा और एन.डी.ए. के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, देश की जनता ने अहंकार को ठुकरा दिया है।

उन्होंने आगे कहा, "लोगों ने भाजपा के मंदिर मस्जिद, हिंदू-मुस्लिम और 'मंगलसूत्र' के मुद्दों को अस्वीकार कर दिया है। केंद्र सरकार ने विशेष रूप से विपक्ष को निशाना बनाया और निर्वाचित मुख्यमंत्रियों को जेल में डाला। उन्होंने सी.बी.आई. और ई.डी. जैसी एजेन्सियों का दुरुपयोग किया और जनता ने उनके इन सभी कार्यों को खारिज कर दिया।

चुनाव में कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर उन्होंने कहा, "कांग्रेस की संख्या अब डबल हो गई है। लोगों ने हमारे घोषणापत्र और हमारे अभियान को अच्छे से समझा है। लखनऊ (यूपी), जयपुर (राजस्थान) और हरियाणा में डबल इंजन की सरकार असफल हो गई है। मैं कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, नेताओं और उम्मीदवारों का आभारी हूँ।"

मीडिया से बातचीत करते हुए पायलट ने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणाम का आकलन करें तो यह वोट सरकार के खिलाफ पड़े हैं। वहीं कांग्रेस ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

पायलट ने कहा कि देश में सबसे बड़ी चिंता का विषय बेरोजगारी और अमीर- गरीब के बीच की खाई है। जो नीति निर्माण हुआ है वह आर्थिक दृष्टि से सिर्फ चंद लोगों को फायदा पहुंचाने का काम सरकार ने किया।

अधिकांश भारतवर्ष के लोग महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। जो परिणाम आज आए हैं उनसे भाजपा की समझ में यह बात आ गई होगी। हिंदू, मुसलमान की राजनीति को नौजवान पीढ़ी और अधिकांश लोग पसंद नहीं करते हैं।

हनुमान बेनीवाल के, इंडिया गठबंधन की बैठक में नहीं बुलाने के बयान पर पायलट ने कहा कि सब लोग जो इंडिया गठबंधन में थे आज भी वह गठबंधन में हैं। आने वाले समय में गठबंधन में और दल शामिल हो जाएंगे। जालौर में वैभव गहलोत की हार के सवाल पर पायलट ने कहा कि, कांग्रेस ने 11 सीटों पर भाजपा को हराया है, जहां-जहां हम भाजपा को हरा नहीं पाए अगली बार दुगनी मेहनत करके हराएंगे। देश का मूड और प्रदेश का मूड कांग्रेस के पक्ष में है।

पायलट के अजमेर आगमन पर स्वागत करने वालो में शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय जैन, नसीम अख्तर इंसाफ, महेंद्र सिंह रलावता, राजकुमार बाकोलिया, कमल बाकोलिया, अंकुर त्यागी सहित कई क्षेत्रीय नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए।

## क्या लोकसभा ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

होने की संभावना नहीं है।

हरियाणा में भी भाजपा को बहुत कुछ सुधारने की जरूरत है, जहां से विधानसभा चुनावों में भी वैसा ही होने का संकेत नहीं होता है। झारखंड में वर्ष 2011 में हुए चुनावों में भाजपा ने 11 सीटें जीती थी लेकिन विधानसभा चुनावों में, वह झारखंड मुक्ति मोर्चा (जे.एम.एम.) से हार गई थी। वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा दिल्ली की सातों सीटों पर जीती थी लेकिन इन दोनों वर्षों में हुए विधानसभा चुनाव में "आप" ने भारी बहुमत प्राप्त किया था।

- **पर, भाजपा के लिये आशा की किरण आगामी विधानसभा चुनाव में यह है कि, आमतौर पर लोकसभा चुनाव में सफलता मिलना, कोई गारंटी नहीं है कि, विधानसभा चुनावों में यही सफलता/असफलता की पुनरावृत्ति होगी। उदाहरण के लिये, 2014 व 2019 में दिल्ली की सभी सातों सीटों पर भाजपा विजयी हुई थी, पर इसी दौरान हुए विधानसभा चुनावों में आप ने प्रचण्ड बहुमत प्राप्त किया व सरकार बनायी, यह स्थिति झारखंड में 2011 में भी हुई थी।**

कांग्रेस के पुनरूत्थान के संकेत आ रहे हैं। झारखंड में अभी सम्पन्न हुए चुनावों में, भाजपा की वर्ष 2019 की ग्यारह सीटों की तुलना में, इस बार आठ सीटें रह गयी हैं। जैसा कि अक्सर होता है, लोकसभा चुनावों में अच्छा प्रदर्शन,

# एन.डी.ए. के तमाम घटक दलों ने नरेन्द्र मोदी को अगले प्रधानमंत्री के लिए नामित किया

## नीतीश और नायडू ने एन.डी.ए. की बैठक में नरेन्द्र मोदी की तारीफ के पुल बांधे

नई दिल्ली, 7 जून। संसद भवन में आज एन.डी.ए. संसदीय दल की बैठक के दौरान नीतीश कुमार, चंद्रबाबू नायडू, एकनाथ शिंदे, चिराग पासवान सहित एनडीए के तमाम घटक दलों के नेताओं ने नरेंद्र मोदी के नाम का समर्थन देश के अगले प्रधानमंत्री पद के लिए किया। इस दौरान नीतीश कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं पूरी तरह से आपके साथ हूं। 10 साल में आपने काफी काम किया है। आने वाले समय में जो भी कुछ काम बचा है उसे आप पूरा करेंगे। ऐसा करके आप विरोधियों के लिए कोई जगह नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा, हमारी पार्टी जेडीयू नरेंद्र मोदी जी को भारत के प्रधानमंत्री पद के लिए समर्थन देती है। इन्होंने पूरे देश की सेवा की है। हम पूरे तौर पर इनके साथ रहेंगे। लोग बिना मतलब के बात बोल रहे हैं।

नीतीश कुमार ने कहा कि आप अगली बार जब आएंगे तो सब जीत जाएंगे। उन्होंने कहा कि इधर-उधर जो थोड़ा बहुत लोग जीत गए हैं, वह भी हार जाएंगे। नीतीश कुमार ने कहा कि इन लोगों ने कोई काम थोडी किया है। झूठ बोलकर कुछ सीटें पा ली हैं, लेकिन अब आपको फिर मौका मिला है तो फिर से सारी सीट जीतेंगे। अब तो मेरा आग्रह यही है कि जल्दी से आपका काम शुरू हो जाए। आप रविवार को शपथ लेने वाले हैं। मैं तो कहता था कि आज ही शपथ हो जाए। मैं आपका अभिनंदन करता हूं। आपके नेतृत्व में सब लोग काम करेंगे। मैं यही कहूंगा कि हम लोग इनके साथ रहेंगे। नरेंद्र मोदी की बात को मानते हुए हम आगे चलेंगे।

- **नीतीश कुमार ने कहा कि, आपके (मोदी के) नेतृत्व में सब लोग काम करेंगे, मैं यही कहूंगा कि, हम लोग इनके साथ रहेंगे, नरेंद्र मोदी की बात को मानते हुए हम आगे चलेंगे**
- **टी.डी.पी. प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का अनुमोदन करते हुए उनकी खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि, मैं करीब 40 वर्षों से राजनीति में हूं। मैंने अभी तक इतना विज़नरी लीडर नहीं देखा है। उन्होंने यह भी कहा है कि उन्होंने 10 वर्षों में भारत को बुलंदियों पर पहुंचाया।**

टी.डी.पी. के प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का अनुमोदन करते हुए उनकी खूब प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मैं करीब 40 वर्षों से राजनीति में हूं। मैंने अभी तक इतना विजनरी लीडर नहीं देखा है। उन्होंने यह भी कहा है कि उन्होंने 10 वर्षों में भारत को बुलंदियों पर पहुंचाया। आगे भी वह ऐसा करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि, भारत के पास यह सुनहरा मौका है। भारत सबसे अधिक विकास दर से आगे बढ़ रहा है। आज पूरी दुनिया हमारे तरफ देख रही है। मैं पूरे गर्व के साथ पीएम मोदी के नाम का समर्थन इस महान देश के प्रधानमंत्री के लिए करता हूं।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्स:01562-256908